





सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच



आवश्यकता है

मीडिया हाउस में काम करने के लिए ऑफिस बॉय की जरूरत है।

(छुटपुट कुकिंग कार्य करने वाले को प्राथमिकता)

वेतन चार अंकों में ....

पता : शॉप नंबर 12, रेलवे क्रासिंग के पास, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई

संपर्क : 9827806026, 8319932659



वर्ष- 14 अंक - 356 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, रविवार 8 अक्टूबर 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास - खबर

### सिंगापुर में कोरोना की एक और लहर की आशंका, नए वैरिएंट्स के कारण तेजी से बढ़े दैनिक मामले

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दुनियाभर में कोरोना के मामले भले ही रिपोर्ट होने कम हो गए हैं, पर इसका वैश्विक जोखिम अब भी बना हुआ है। यूके-यूएस सहित कई देशों में पिछले महीनों में संक्रमण के मामले बढ़ते हुए रिपोर्ट किए गए हैं। कोरोना के नए वैरिएंट्स के कारण अस्पतालों में रोगियों और मृतकों की संख्या बढ़ने की भी खबरें आती रही हैं। इस बीच हालिया रिपोर्ट में सिंगापुर में कोरोना के कारण हालात बिगड़ने की खबरें हैं। यहां कोरोना के दो नए वैरिएंट्स के कारण मामलों में बढ़ोतरी देखी जा रही है, हालांकि गंभीर रोगियों की संख्या कम है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सिंगापुर में पिछले कुछ दिनों से दैनिक कोरोना के मामले दो हजार को पार कर रहे हैं, करीब तीन हफ्ते पहले रोजाना संक्रमण की संख्या एक हजार के करीब थी, जो अब बढ़ रही है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया यहां कोरोना के दो नए वैरिएंट्स के बारे में पता चला है, जिसके कारण तेजी से रोगियों की संख्या में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग ने देश में सभी लोगों से कोविड एप्रोप्रिएट बिहेवियर का गंभीरता से पालन करते रहने की अपील की है।

सिंगापुर के प्रमुख अखबारों से प्राप्त हो रही खबरों के मुताबिक देश में बढ़ते कोविड के मामलों के लिए मुख्य रूप से दो वैरिएंट्स EG.5 और इसके सब-वैरिएंट HK.3 को प्रमुख कारण माना जा रहा है। ये दोनों ओमिक्रॉन XBB के ही सब-वैरिएंट्स हैं। हालिया दिनों में संक्रमण के बढ़े मामलों में से करीब 75 फीसदी के लिए इन्हीं दो वैरिएंट्स को प्रमुख कारण के रूप में देखा जा रहा है। कुछ रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि देश में जिस तरह से संक्रमण के मामलों में उछाल आई है ऐसे में आशंका है कि संक्रमण की एक और लहर आ सकती है।

### अब फैसला आन द स्पॉट, प्रेमचंद और तीन अन्य के अवैध कब्जे पर कल चलेगा बुलडोजर!

**देवरिया ( एजेंसी )।** देवरिया के फतेहपुर के लेड़हा टोले पर सामूहिक हत्याकांड के आरोपी प्रेम यादव सहित चार आरोपियों के मकान पर अब सोमवार को बुलडोजर चल सकता है। शनिवार को कोर्ट की सुनवाई के दौरान आरोपी पक्ष के वकील ने साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिए तहसीलदार मजिस्ट्रेट से एक सप्ताह का समय मांगा।

मजिस्ट्रेट ने धारा 67 के मामले में सोमवार तक का समय दिया। सोमवार को मजिस्ट्रेट निरीक्षण कर मौके पर ही बेदखली का फैसला सुनाएंगे। शुक्रवार को प्रेम यादव सहित चार आरोपियों के मकान पर ध्वस्तीकरण का नोटिस चस्पा कर तहसील प्रशासन ने शनिवार को सुबह दस बजे तक सुनवाई का समय दिया था।

मामले की सुनवाई तहसीलदार के कोर्ट नंबर दो में तय थी। शनिवार को कोर्ट पर सुबह आठ बजे से ही लोगों की भीड़ जुटने लगी। प्रेम यादव के भाई रामजी यादव की पत्नी किरन देवी, प्रेम की बेटी अलका को लेकर निर्धारित समय से दो घंटे की देरी से दोपहर 12 बजे तहसील में अपने अधिवक्ता गोपी चंद यादव के चेंबर में पहुंची।

अपराह्न 1:50 बजे तहसीलदार कोर्ट में सुनवाई शुरू हुई तो प्रेम के अधिवक्ता गोपी चंद यादव ने मजिस्ट्रेट से साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिए एक सप्ताह का समय मांगा। उन्होंने कहा कि उनके मुव्वकिल जेल में निरुद्ध हैं। इसलिए उन्हें विधिक वकालतनामा पर दस्तखत कराने और साक्ष्य जुटाने के लिए उसने जिला कारागार में मिलना होगा।

# कौशल्या माता विहार योजना : सीएम भूपेश बघेल ने किया भूमिपूजन, बनेंगे 832 मकान



### योजना में पत्रकारों को मकान खरीदने पर मिलेगी 15 प्रतिशत की छूट, आवासहीन लोगों को मिलेंगे मकान

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में सरकार की ओर से आवासहीन लोगों को सुविधायुक्त आवास उपलब्ध कराने कौशल्या माता विहार योजना शुरू की गई है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शनिवार की शाम को अपने निवास कार्यालय से इस योजना के तहत बनने वाले बहुमंजिला इमारत की नींव रखी। नवा रायपुर के सेक्टर-12 में 832 एलआईजी मकान आपार्टमेंट की तर्ज पर बनेंगे। खास बात यह है कि सरकार की इस योजना के तहत बनने वाले मकानों को लेने वाले पत्रकारों को 15 फीसदी की छूट भी दी जाएगी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आवासहीन लोगों व पत्रकारों को मकान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस योजना को शुरू किया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि हमारी सरकार के पांच वर्ष पूरे होने वाले हैं, इन पांच वर्षों के दौरान हमारी योजनाओं को मीडिया का भरपूर समर्थन मिला है। आप सभी के सहयोग से ही हमारी सरकार ने बड़ी उपलब्धियां हासिल की है। मैं इसके लिए आप सभी को धन्यवाद कहना चाहता हूं। इन पांच वर्षों के दौरान शासन और मीडिया ने बहुत अच्छे तालमेल के साथ काम किया है। हमने शासन से मीडिया की अपेक्षाओं को भी पूरा किया है, मीडिया से किए गए वादों को भी निभाया है। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि सरकार ने छत्तीसगढ़ की गौरवशाली पत्रकारिता और उसके उच्च आदर्शों को संरक्षण देते रहने की अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की थी। इसी के अनुरूप राज्य में पत्रकार सुरक्षा कानून का निर्माण कर विधानसभा में पारित कराया। इस तरह के कानून के निर्माण करने की पहल करने वाला सबसे पहला राज्य छत्तीसगढ़ था।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ मीडियाकर्मी सुरक्षा अधिनियम 2023 के तहत 'छत्तीसगढ़ मीडिया स्वतंत्रता, संरक्षण एवं संवर्धन समिति का भी गठन कर दिया गया है। शासन ने कोविड में प्राण गंवाने वाले पत्रकारों के परिजनों को 05-05 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देकर उनके दुख में अपनी सहभागिता व्यक्त की। पत्रकारों और उनके परिजनों को बीमारियों के उपचार के लिए पूर्व में 50 हजार रुपए तक की सहायता दी जाती थी, हमारी सरकार ने नियमों में संशोधन करते हुए अब इसे 02 लाख रुपए तक कर दिया है। असामयिक मृत्यु के प्रकरणों में 05 लाख रुपए तक आर्थिक सहायता दिए जाने का प्रावधान किया गया है।

#### पत्रकारों को मिल रही है 6 करोड़ से ज्यादा की छूट

इस योजना के प्रथम चरण में प्राक्कलन के अनुसार वर्तमान में 309 पत्रकारों को दी जाने वाली छूट की राशि 06 करोड़ 37 लाख 20 हजार 450 रुपए रायपुर विकास प्राधिकरण को स्वीकृत की गई है। जो पत्रकार इस योजना का लाभ उठाने जा रहे हैं। ललित सुरजन संचार प्रतिनिधि आवास ऋण ब्याज अनुदान योजना के अंतर्गत अवेदन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इस योजना के अंतर्गत पत्रकारों को आवास ऋण पर अनुदान दिया जाएगा। 30 लाख रुपए तक के आवास ऋण पर पांच वर्षों तक हर महीने 05 प्रतिशत ब्याज अनुदान दिया जाएगा। यह योजना 01 अप्रैल 2023 के बाद खरीदे गए मकानों पर लागू होगी।

#### 2 बीएचके और 3 बीएचके फ्लैट का निर्माण

विशेष सचिव आवास एवं पर्यावरण विभाग महादेव कावरे ने बताया कि कौशल्या माता विहार योजना अंतर्गत प्रस्तावित प्रोजेक्ट में कुल 832 फ्लैटों का निर्माण होगा। इसमें 320 नग 2-बीएचके फ्लैट और 512 नग 3-बीएच के फ्लैट शामिल है। इस अवसर पर राज्य हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा, उपाध्यक्ष सूर्यमणि मिश्रा, उपाध्यक्ष शिव सिंह ठाकुर, संचालक मंडल राजेन्द्र पप्पू बंजारे, हिरेन्द्र देवांगन, मुकेश साहू, चन्द्रवती साहू, ममता राय तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## अब तक 500 से ज्यादा की मौत, इस्राइली पीएम नेतन्याहू ने कहा- मलबे में बदल देंगे हमास के ठिकाने

**यरुशलम ( एजेंसी )।** फिलीस्तीन के आतंकी संगठन हमास के हमलों में इस्राइल में दहशत का माहौल है। इस्राइल और फिलीस्तीन के आतंकी संगठन हमास के बीच युद्ध में अब तक 500 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। शनिवार को हमास की तरफसे अचानक किए गए हमलों में इस्राइल के 300 से ज्यादा लोग जान गंवा चुके हैं। वहीं इस्राइल की ओर से पलटवार में गाजा पट्टी से करीब 250 मौतों की बातें सामने आ रही हैं। हमलो के बीच अमेरिका-भारत समेत कई देशों ने इस आतंकी हमले की निंदा की है। अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने इस्राइल पर हमलों के मद्देनजर उसे आठ अरब डॉलर की आपात मदद मुहैया कराने का भी निर्देश दिया है।




बता दें हमास ने गाजा से शनिवार की सुबह अचानक थोड़े-थोड़े अंतराल पर इस्राइली शहरों पर ताबड़तोड़ करीब 5,000 रॉकेट दागे। यही नहीं, हमास के बंदूकधारी इस्राइली शहरों में भी घुस गए और कुछ सैन्य वाहनों पर कब्जा कर हमले किए। कई इस्राइली सैनिकों को बंधक भी बना लिया है। इस बीच, आगबबूला इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने आतंकवादी संगठन के सभी ठिकानों को नष्ट करने का संकल्प लिया है। उन्होंने गाजा के सभी लोगों को तुरंत शहर छोड़ने की चेतावनी दी और कहा कि देश हमास को खत्म करने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा देगा।

नेतन्याहू ने कहा कि इस्राइली रक्षा बल (आईडीएफ) घर-घर जाकर आंतकवादियों का सफाया कर रहे हैं। इस्राइली पीएम ने हमले के दिन को काला दिन बताया। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर कहा, 'आईडीएफ हमास से जुड़े लोगों को खत्म करने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा देगा। हम उनका सफाया कर देंगे। इस्राइल और यहां के लोगों को जिन हालातों का सामना करना पड़ रहा उसका जोरदार बदला लेंगे।

पीएम ने चेतावनी देते हुए कहा, 'उन सभी स्थानों पर जहां हमास के लोग तैनात हैं, छिपे हुए हैं और जिन शहरों में काम कर रहे हैं। उन सभी ठिकानों को हम मलबे में बदल देंगे। उन्होंने गाजा के निवासियों से कहा, मैं फिर से कह रहा हूं कि यहां से तुरंत चले जाओ क्योंकि हम अब हर जगह जबरदस्ती कार्रवाई करेंगे।उन्होंने कहा, इस समय हमारी सेना आतंकवादियों को ढूंढ-ढूंढकर बाहर निकाल रहा है। नेतन्याहू ने उन परिवारों के प्रति भी संवेदना व्यक्त की, जिनके प्रियजनों की निर्मम हत्या कर दी गई।

## आदित्य-एल1 पर बड़ा अपडेट: इसरो ने बताया सही दिशा में जा रहा हमारा अंतरिक्ष यान

**श्रीहरिकोटा (एजेंसी)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सूरज के पास जा रहे आदित्य-एल1 को लेकर बड़ी जानकारी दी है। इसरो ने बताया कि अंतरिक्ष यान ठीक से काम कर रहा है। वह लगातार सूर्य की ओर बढ़ रहा है। इसरो ने कहा अंतरिक्ष यान एकदम सही स्थिति में है और सूर्य की ओर बढ़ रहा है। छह अक्तूबर को 16 सेकंड के लिए इसमें एक सुधार किया गया था। इस प्रक्रिया को प्रक्षेपवक्र सुधार संबित बदलाव किए गए हैं, जिसे ट्राजेस्टरी करेक्शन मैनुवर (टीएमसी) नाम से भी जाना जाता है।



इसरो ने एक बयान में कहा है कि 19 सितंबर को किए गए ट्रांस लैग्रेंजियन प्वाइंट 1 इंसर्शन (टीएल1इ) को ट्रैक करने के बाद मूल्यांकन किए गए पथ को सही करने के लिए इसकी आवश्यकता थी। टीसीएम यह सुनिश्चित करता है कि अंतरिक्ष यान एल1 के आसपास हेलो कक्षा सम्मिलन की ओर अपने पथ पर है। जैसे-जैसे आदित्य-एल1 आगे बढ़ता रहेगा, मैग्नेटोमीटर कुछ दिनों के भीतर फिर से चालू हो जाएगा।

### पिछले महीने हुई थी लॉन्चिंग

भारतीय स्पेस एजेंसी इसरो ने दो सितंबर को भारत के पहले सौर मिशन आदित्य-एल1 की लॉन्चिंग की थी। इसरो ने पीएसएलवी सी57 लॉन्च व्हीकल से आदित्य एल1 को सफलतापूर्वक लॉन्च किया था। लॉन्चिंग आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी) से हुई थी। यह मिशन भी चंद्रयान-3 की तरह पहले पृथ्वी की परिक्रमा करेगा और फिर यह तेजी से सूरज की दिशा में उड़ान भरेगा।

#### 15 लाख किलोमीटर की दूरी तय करेगा आदित्य-एल1

जानकारी के अनुसार, आदित्य-एल1 अंतरिक्ष यान को सौर कोरोना (सूर्य की सबसे बाहरी परतों) के दूरस्थ अवलोकन और एल-1 (सूर्य-पृथ्वी लैग्रेंजियन बिंदु) पर सौर हवा की यथास्थिति अवलोकन के लिए बनाया गया है। एल-1 पृथ्वी से करीब 15 लाख किलोमीटर दूर है। इसरो के मुताबिक, सूर्य हमारे सबसे करीब मौजूद तारा है। यह तारों के अध्ययन में हमारी सबसे ज्यादा मदद कर सकता है। इससे मिली जानकारियां दूसरे तारों, हमारी आकाश गंगा और खगोल विज्ञान के कई रहस्य और नियम समझने में मदद करेंगी। हमारी पृथ्वी से सूर्य करीब 15 करोड़ किमी दूर है। आदित्य एल1 वैसे तो इस दूरी का महज एक प्रतिशत ही तय कर रहा है, लेकिन इतनी सी दूरी तय करके भी यह सूर्य के बारे में हमें ऐसी कई जानकारियां देगा, जो पृथ्वी से पता करना संभव नहीं होता।

## सरकार उठाएगी कॉलेज आने-जाने का खर्च

श्रीकंचनपथ न्यूज




छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल सरकार ने अपने घोषणा पत्र का एक और वायदा पूरा कर दिया। महाविद्यालयीन विद्यार्थी अब घर से कॉलेज आने-जाने के लिए युवा मितान परिवहन योजना का लाभ ले पाएंगे। इसका लाभ लगभग एक लाख विद्यार्थियों को मिलेगा। इस योजना के संचालन पर 110 करोड़ रुपए खर्च आने का अनुमान है। इसकी आधी राशि सरकार देगी करेगी जबकि शेष भार बस संचालक उठाएगा। विद्यार्थियों को इस सेवा का लाभ उठाने के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इन आवेदनों को कालेज प्रशासन द्वारा अनुमोदित किया जाएगा। इसके बाद विद्यार्थी अपना ई-बसपास डाउनलोड और प्रिंट कर सकेंगे। राशि क्लेम करने के लिए कंडक्टर को विद्यार्थी के ई-बस पास का क्यूआर कोड स्कैन करना होगा। इसके आधार पर ही सरकार उन्हें आधी राशि का भुगतान करेगी। दरअसल, 2023 के विधानसभा चुनाव में 18 से 22 वर्ष की आयु के कम से कम 18।68 लाख वोटर्स अपने मताधिकार का प्रयोग करने जा रहे हैं। इनमें बड़ी संख्या में महाविद्यालयीन विद्यार्थी शामिल हैं। इस योजना से मध्यम एवं निम्न आय वर्ग के विद्यार्थियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। अभी कुछ बस संचालक विद्यार्थियों, विशेषकर नियमित रूप से आने जाने वाली छात्राओं को कुछ रियायत देते हैं। दरअसल, छत्तीसगढ़ सरकार स्कूली और महाविद्यालयीन शिक्षा की सुविधा और स्तर को ऊपर उठाने के लिए कई उपाय कर रही है। अपने कार्यकाल में इस सरकार ने अब तक 33 सरकारी नवीन कालेजों की शुरुआत की है। हाल ही में घोषित 15 और महाविद्यालयों के साथ यह संख्या 48 हो चुकी है। चार साल में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) ने राज्य के 192 महाविद्यालयों का मूल्यांकन किया है। इससे पहले साल 2003 से 2018 के बीच केवल 36 महाविद्यालयों की नैक ग्रेडिंग करवाई जा सकी थी। इसपर यूजीसी ने ट्वीट किया था कि नैक ग्रेडिंग करवाने के मामले में छत्तीसगढ़ पूरे देश में अव्वल स्थान पर है। एजुकेशन वर्ल्ड ऑटोनॉमस कॉलेज रैंकिंग 2023-24 में छत्तीसगढ़ के 6 कॉलेजों को टॉप 100 में जगह मिली है। जाहिर है कि छत्तीसगढ़ का उच्च शिक्षा परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। सरकार ने स्कूली शिक्षा में भी क्रांतिकारी बदलाव किये हैं। साढ़े चार साल में कुल 753 स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम स्कूलों की स्थापना की है। गुणवत्ता ऐसी कि लोग निजी स्कूलों को छोड़कर इन स्कूलों की तरफजा रहे हैं। पर इस तस्वीर का दूसरा पहलू इतना उजला नहीं है। थोक में खुले नवीन महाविद्यालयों के भवन और सेटअप तो बन गए पर बिना प्रयोगशाला के ही इनमें विज्ञान की पढ़ाई हो रही है। प्रयोगशाला का संकट दूर करने के लिए निजी महाविद्यालयों के साथ एमओयू साइन किये गये हैं पर ये केवल कागजों पर ही हैं। इसकी एक वजह इन महाविद्यालयों की शहरों से दूरी है। उम्मीद की जानी चाहिए कि युवा मितान परिवहन योजना के जरिए गांव के ये विद्यार्थी अब प्रैक्टिकल के लिए निजी महाविद्यालयों तक पहुंच सकेंगे।


हर्ष मीडिया एडवरटाईजर्स के

बढ़ते कदम....



LED SCREEN

के माध्यम से प्रचार-प्रसार के लिए

संपर्क करे

अब राजधानी रायपुर सहित पूरे प्रदेश में....

- भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर
- भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर
- जयस्तंभ चौक, सिन्धु सदन, किरण होटल, रायपुर, जिला-रायपुर
- संदेश बन्धु बिल्डिंग परिसर, वीआईपी चौक मोड, वार्ड क्रमांक-51, तेलीबांधा, रायपुर, जिला-रायपुर
- पचपेड़ी नाका चौक, रायपुर, जिला-रायपुर
- मिलन स्वीट्स, रेलवे स्टेशन चौक, रायपुर
- नेशनल हाईवे-53, पावर हाउस रेलवे स्टेशन, भिलाई, जिला-दुर्ग
- पाटन पुल,उतई (मा. मुख्यमंत्री विधानसभा क्षेत्र), जिला-दुर्ग
- आकाशगंगा चौपाटी, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग
- सिरसा गेट चौक, भिलाई-3, जिला दुर्ग
- अग्रसेन चौक, बिलासपुर, जिला - बिलासपुर
- बिलासपुर रेलवे स्टेशन, टिकट काउंटर के सामने, गेट नं.-03, बिलासपुर
- बिलासपुर रेलवे स्टेशन, प्लेटफॉर्म नं.-01, गेट नं.-04, बिलासपुर
- पड़ाव चौक, मुंगेली, जिला-मुंगेली
- दाऊपारा चौक, मुंगेली, जिला-मुंगेली

Harsh Media Advertisers



Contact_-
9303289950
9131425618
9827806026

शॉप-12, प्रेस परिसर, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग
शहीद भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.)

## संपादकीय

# जाति गणना पर सीडब्लुसी की बैठक!

कांग्रेस पार्टी बिहार में हुई जाति गणन को गंभीरता से ले रही है और किस तरह से इसका राजनीतिक इस्तेमाल हो सकता है इस पर पार्टी विस्तार से विचार करेगी। बताया जा रहा है कि कांग्रेस की कार्य समिति यानी सीडब्लुसी की बैठक इस मुद्दे पर हो सकती है। हालांकि बैठक कब होगी और उसका एजेंडा क्या होगा यह पता नहीं है। ध्यान रहे अभी पांच राज्यों में विधानससभा के चुनाव होने वाले हैं। चुनाव आयोग किसी भी समय इसकी घोषणा कर सकता है। ऐसे में कांग्रेस के सारे नेता प्रचार में लगेंगे या चुनावी कामकाज में व्यस्त हो जाएंगे। सो, उससे पहले ही इस मसले पर बैठक करनी होगी या फिर चुनाव के बाद बैठक होगी। कांग्रेस के जानकार नेताओं का कहना है कि पार्टी पांच राज्यों के चुनाव में इसका मुद्दा बनाने वाली है। राहुल गांधी अपनी सभाओं में खुल कर जाति गणना का समर्थन कर रहे हैं और वादा कर रहे हैं कि कांग्रेस की सरकार केंद्र में बनी तो पूरे देश में जाति गणना कराएगी। दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस मसले पर कांग्रेस को कठघरे में खड़ा किया है और कहा है कि कांग्रेस पहले भी जात-पात पर देश को बांटती थी और अब भी वही पाप कर रही है। इसका मतलब है कि भाजपा की नजर में जाति गणना पाप है। सो, कांग्रेस चुनावों में इसे मुद्दा बना सकती है। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का एजेंडा भाजपा को ओबीसी, एससी और एसटी विरोधी साबित करना है। इसके लिए उसके पास दो हथियार हैं। पहला, जाति गणना। बिहार ने इसका रास्ता दिखा दिया है। जिस तरह से छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल सरकार ने आरक्षण की सीमा बढ़ा कर 77 फीसदी करने का फैसला किया है उसी तरह का ऐलान मध्य प्रदेश में किया जा सकता है। ध्यान रहे मध्य प्रदेश का समाज बहुत गहराई तक धार्मिक समाज है। वहां हिंदुत्व की जड़ें बहुत मजबूत हैं। कांग्रेस के नेता जातियों की गिनती का कार्ड चल कर कांग्रेस उसमें सेंध लगाने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस के पास दूसरा मुद्दा महिला आरक्षण का है, जिसमें ओबीसी महिलाओं के लिए आरक्षण की व्यवस्था नहीं की गई है। इस आधार पर भी भाजपा को पिछड़ा विरोधी बताने का अभियान चल रहा है। बताया जा रहा है कि कांग्रेस नेता मान रहे हैं कि कार्य समिति की बैठक करके इन दोनों मामलों में कोई प्रस्ताव पास किया जाए और चुनाव में उसका प्रचार किया जाए तो कांग्रेस को उसका फायदा होगा। हालांकि यह पता नहीं है कि मध्य प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष और सीएम पद के दावेदार कमलनाथ इसके लिए कितना तैयार होंगे। वे जाति का कार्ड खेलने की बजाय नरम हिंदुत्व के रास्ते पर चल रहे हैं और भाजपा नेताओं से ज्यादा बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री के चरणों में लोट लगा रहे हैं। राजस्थान और छत्तीसगढ़ दोनों जगह कांग्रेस का पिछड़ा मुख्यमंत्री है। सो, इन राज्यों में कांग्रेस अपना एजेंडा चला सकती है।

> “ कांग्रेस के नेता जातियों की गिनती का कार्ड चल कर कांग्रेस उसमें सेंध लगाने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस के पास दूसरा मुद्दा महिला आरक्षण का है, जिसमें ओबीसी महिलाओं के लिए आरक्षण की व्यवस्था नहीं की गई है। इस आधार पर भी भाजपा को पिछड़ा विरोधी बताने का अभियान चल रहा है। बताया जा रहा है कि कांग्रेस नेता मान रहे हैं कि कार्य समिति की बैठक करके इन दोनों मामलों में कोई प्रस्ताव पास किया जाए और चुनाव में उसका प्रचार किया जाए तो कांग्रेस को उसका फायदा होगा।

## समझ अलग-अलग है!

नफरती भाषण क्या है, इसको लेकर देश में एक समूह की जो समझ या परिभाषा है, आज की सत्ताधारी पार्टी की विचारधारा उससे सहमत नहीं है। बल्कि वैसे भाषण उसकी राजनीतिक रणनीति का धारदार हथियार बने हुए हैं।

जैसे देश में सियासी ध्रुवीकरण बढ़ने के साथ हर बात पर समझ बंटती चली गई है, वही हाल हेट स्पीच- यानी नफरती भाषण का है। नफरती भाषण क्या है, इसको लेकर एक समूह की जो समझ या परिभाषा है, आज की सत्ताधारी पार्टी की विचारधारा उससे सहमत नहीं है। बल्कि वैसे भाषण उसकी राजनीतिक रणनीति का धारदार हथियार बने हुए हैं। नतीजतन, अक्सर जिसे नफरती भाषण कहा जाता है, सत्ता पक्ष उस पर ध्यान तक नहीं देता। ऐसे में एक गैर-सरकारी संस्था ने नफरती भाषण देने वाले नेताओं की जो सूची तैयार की है, उस पर कार्रवाई तो दूर कोई कोई सार्थक चर्चा भी होगी- इसकी संभावना नहीं है। चुनावी सुधारों पर काम करने वाली संस्था एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने सांसदों और विधायकों के चुनावी हलफनामों में दी गई जानकारी के आधार पर अपनी ताजा रिपोर्ट बनाई है। उसके मुताबिक 33 मौजूदा सांसदों के खिलाफ इस तरह के आरोप दर्ज हैं। इनमें से 22 यानी 66 प्रतिशत सांसद भारतीय जनता पार्टी के हैं।

ऐसे दो सांसद कांग्रेस में हैं। एक-एक सांसद कई क्षेत्रीय पार्टियों में हैं। एक निर्दलीय सांसद का नाम भी इस सूची में शामिल है। ऐसे सबसे ज्यादा सात सांसद उत्तर प्रदेश से हैं, जबकि चार तमिलनाडु से, तीन बिहार, तीन कर्नाटक और तीन तेलंगाना से हैं। एडीआर की सूची में 74 विधायकों के नाम भी हैं। इनमें भी सबसे ज्यादा जन प्रतिनिधि भाजपा के ही सदस्य हैं। इस सूची में भाजपा के 20 विधायक (27 प्रतिशत) हैं। 13 ऐसे विधायक कांग्रेस के, छह आम आदमी पार्टी के, पांच सपा और वाईएसआरसीपी के और बाकी अन्य पार्टियों के हैं। एडीआर ने उचित ही विधि आयोग की मार्च 2017 में जारी हुई एक रिपोर्ट का हवाला दिया है, जिसमें कहा गया था कि भारत में किसी भी कानून में हेट स्पीच की परिभाषा नहीं दी गई है। यह एक बड़ा कारण है, जिसकी वजह से नफरती भाषणों पर कानूनी कार्रवाई नहीं हो पाती। इसलिए यह जरूरी है कि ऐसे भाषणों के खिलाफ एक सख्त कानून बनाया जाए। लेकिन फिलहाल ऐसा होने की उम्मीद नहीं है। बहरहाल, एडीआर ने एक स्वागतयोग्य योगदान किया है।

## उम्र की धवलता पर खिजाब का हिजाब

उधर 'गदर 2' में उम्रदराज सनी पाजी, गबरू जवान साबित हुए। इधर शाहरुख, 'जवान' बनकर धमाल मचा रहे हैं। जवानी जिंदाबाद। यों भी वर्तमान युवाओं का है, भविष्य युवाओं के लिए है। अब बुड्ढों का काम खत्म हुआ। ये दौर-ए-जवानी है। इसलिए उम्रदराज लोग अपनी बची-खुची जवानी को बचाने में भिड़े दिखाई देते हैं। उनकी उम्र की धवलता खिज़ाब के हिजाब से रौशन है। कोई बूढ़ा कहलाना पसंद नहीं करता। बाजारवाद के दौर में जवानी का जोश भर देने का दावा ठोकने वाली दवाओं की भरमार है। बड़े-बड़े मसाज सेंटर और ब्यूटी पार्लर जेब ढीली करने में लगे हैं। आधुनिका की उम्र बीस-पच्चीस के ऊपर नहीं बढ़ रही! उम्रदराज लोग साबित करने में लगे हैं कि आदमी शरीर से बुड्ढा होता है, मन से नहीं।

एक जमाना हुआ जब शोख प्रेमिका अपने प्रेमी को रात में घर पर आने से मना करती थी। वह इशारों-इशारों में गुनगुनाते हुए कहती थी ज्ना बाबा ज्ना बाबाज पिछवाड़े बुड्ढा खांसता। अब जमाना बदल गया है। प्रेमिका बेफिक्र हो गई है। बुड्ढा सांसें भरने लगा है। अर्थ ने अनर्थ की राह पकड़ ली है। 'तमसो मा ज्योतिर्गमय' का अर्थ भी बदलता हुआ दिख रहा है- तुम सो जाओ मां, मैं ज्योति के पास जा रहा हूं। शर्म और हया, बेशर्मी का जामा पहने घूमती है। बड़े बुजुर्ग की छत्रछाया सिमट रही है। वह वृद्धाश्रमों में पनाह ढूंढ़ती है। एक समय बुड्ढे अमिताभ भी 'बुड्ढा होगा तेरा बाप' कहते हुए पर्दे पर अपने आप को जवान सिद्ध कर रहे थे।

> “ उत्तर प्रदेश में लखीमपुर खीरी जिले के पलिया और उत्तराखंड के रुद्रपुर में सिख आबादी बहुतायात में है। वे आपकी बात सुनना चाहेंगे। उनकी प्रतिक्रिया देखे-समझे बिना आगे कहा कि आपको अमृतसर में भी कम से कम एक रात गुजारनी चाहिए। आपका उस शहर से जुड़ाव है और फिर हरमंदिर साहिब वहीं हैं। आप देश के पहले सिख प्रधानमंत्री हैं, और आपको वहां जाकर एक बार फिर मत्था टेकना चाहिए।

# सिखों के बिना हिन्दुस्तान कहां!

शशि शेखर



वह वर्ष 2006 का दिसंबर था। हम तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के साथ टोकियो के लिए उड़े थे। अभी दोपहर का भोजन निपटा ही था कि गलियारे में उनके सलाहकार संजय बारू प्रकट हुए और अपने समीप आने का इशारा किया। मैं जब उनके पास पहुंचा, तो उन्होंने लगभग फुसफुसाते हुए कहा, 'चलिए, पीएम आपका इंतजार कर रहे हैं।' नई दिल्ली हवाई अड्डे पर उनसे मैंने बिना किसी प्रयोजन के प्रधानमंत्री से मिलने की ख्वाहिश प्रकट की थी।

एअर इंडिया के विशेष विमान में प्रधानमंत्री की हर यात्रा के दौरान एक छोटा-सा सम्मेलन कक्ष बना दिया जाता था। हम जब वहां पहुंचे, तो पांच कुर्सियों वाले उस संकरे से स्थान की दो कुर्सियां पहले से भरी हुई थीं। एक पर मनमोहन सिंह, तो दूसरे पर पंजाब के एक जाने-माने संपादक आसीन थे। वह उनसे पंजाबी और हिंदी में गुफ्तगूरत थे। मैं अपनी बारी की प्रतीक्षा करने लगा। संपादक जी की बात खत्म होने के बाद मनमोहन सिंह मेरी ओर मुखाबित हुए और अपने विशिष्ट अंदाज में मुझसे पूछा, 'जी बताइए?' मैं किसी सवाल-जवाब के लिए तैयार न था, पर उन दिनों पंजाब, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनावों की दुंदुभी बज चुकी थी। अखबारों में खबरें छप रही थीं कि कांग्रेस के लगभग हर नेता के नाम से चुनावी सभाएं लगाई जा रही हैं, पर प्रधानमंत्री का नाम नदारद था।

आदतन मैंने सीधी बात शुरू की। मेरा पहला वाक्य था, 'आपको पंजाब, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के अधिक नहीं, पर सिख बहुल इलाकों में अवश्य जाना चाहिए। उत्तर प्रदेश में लखीमपुर खीरी जिले के पलिया और उत्तराखंड के रुद्रपुर में सिख आबादी बहुतायात में है। वे आपकी बात सुनना चाहेंगे। उनकी प्रतिक्रिया देखे-समझे बिना आगे कहा कि आपको अमृतसर में भी कम से कम एक रात गुजारनी चाहिए। आपका उस शहर से जुड़ाव है और फिर हरमंदिर साहिब वहीं हैं। आप देश के पहले सिख प्रधानमंत्री हैं, और आपको वहां जाकर एक बार फिर मत्था टेकना चाहिए। इससे न केवल सिख मानसिकता को संतोष मिलेगा, बल्कि अलगाववाद की बीन बजाने वालों को भी झटका लगेगा। देश के सेक्युलर ढांचे के लिए भी यह बेहतर होगा।

ऐसा लगा, जैसे मनमोहन सिंह के चेहरे के भाव बदल गए हैं। कक्ष में चुप्पी छा गई थी। पंजाब के संपादक साथी ने बीच में कुछ बोलने की कोशिश की, पर मनमोहन सिंह ने बड़ी शालीनता से हल्का-सा हाथ उठाकर उन्हें बरज दिया। वह बिना किसी हरकत के चुप बैठे रहे थे। उस संक्षिप्त चुप्पी ने सभा और समय समाप्त होने का इशारा कर दिया था। मैंने इजाजत मांगी, मनमोहन सिंह जी उठकर खड़े हुए और नजाकत से अपना हाथ आगे बढ़ा दिया। मैं और मेरे सहयोगी बाहर निकल आए। हमारी सीटें अगल-बगल थीं। मेरे उनसे पुराने संबंध थे, लिहाजा बेतकल्लुफी से उनसे पूछा कि मैं ज्यादा तो नहीं बोल गया? अपने खास अंदाज में उन्होंने कहा कि हो सकता है, क्योंकि आपने जो बोला है, उसके तमाम राजनीतिक निहितार्थ निकल सकते हैं। मैं सोचने लगा कि अगर प्रधानमंत्री ने मुझे अपना कीमती समय दिया, तो मुझे ईमानदारी से अपनी बात कहनी चाहिए थी, जो मैंने कही।

वैचारिक आरोह-अवरोह के वे लम्हे लंबे न चले। संजय बारू अपने स्वभाव के अनुरूप मुस्कराते हुए मेरे पास आए और कहा कि आपने तो मेरा काम बढ़ा दिया है। पीएम ने तीनों स्थानों पर दौरे का कार्यक्रम तय करने को कहा है। बाद में, मनमोहन सिंह इन तीनों स्थानों पर गए। स्वर्ण मंदिर की उनकी यात्रा सद्भाव की नई इबारत लिख गई।

वजह साफ है। कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और अन्य पश्चिमी देशों में बैठे कुछ लोग खालिस्तान के बुझे ख्वाब को जिलाने की कोशिश कर रहे हैं। कभी वे राजनयिकों पर हमला करते हैं, कभी कनाडा से हिंदुओं को निकल जाने की धमकी देते हैं, तो कभी अमृतपाल सिंह जैसे उत्तेजना फैलाने वालों को पंजाब की धरती पर 'प्लांट' करने की कोशिश करते हैं। उनका आरोप है कि भारत की सरकार सिखों के साथ दोमुंहा रवैया अपना रही है। इस झूठ के जरिये वे सिर्फ लोगों को बरगलाने की कोशिश कर रहे हैं। मनमोहन सिंह की यात्रा तो अतीत बन गई, पर मौजूदा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रुख और रवैये को भी जान लीजिए। प्रधानमंत्री पिछले नौ वर्षों में तमाम बार स्वर्ण मंदिर सहित देश के प्रमुख गुरुद्वारों में जाकर मत्था टेक चुके हैं। वह विशेष रूप से सिखों की देशभक्ति, बहादुरी, सेवा और समर्पण को रेखांकित करते आए हैं। यही नहीं, जिन इंदिरा गांधी पर 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' की तोहमत है, उनके पोते राहुल गांधी इसी महीने की शुरुआत में लगातार दो दिन स्वर्ण मंदिर की चौखट को रगड़ते, लंगर सेवा, बर्तन या जूते साफ करते दिखाई पड़े। हमारे मुल्क में पक्ष-विपक्ष के सनातन मतभेद राष्ट्रीय एकता के मामले में पीछे रह जाते हैं। भारत का कोई भी नागरिक पंजाब, पंजाबियों और सिखों के बिना अपने देश की कल्पना नहीं कर सकता।

मैं यहां मेनका गांधी को उद्धृत करना चाहूंगा। कुछ वर्ष पहले आगरा में वह एक कार्यक्रम में आई थीं। उस दौरान उनके साथ कुछ समय गुजारने का मौका मिला था। एक ऐसी बात उन्होंने उस अनौपचारिक चर्चा के दौरान कही थी, जो हममें से किसी ने कभी पहले सोची भी नहीं थी। मेनका ने बताया था कि हमारी, यानी पंजाबियों की वेशभूषा और भोजन पूरे देश में सर्वाधिक प्रचलित है। मैंने पूछा, कैसे? वह मुस्कराते हुए बोलीं कि कहीं भी चले जाइए, महिलाएं आपको सलवार-कुरता पहने दिखेंगी। दाल मखनी, पनीर मसाला और तंदूरी के बिना कोई बड़ा होटल या रेस्तरां चल ही नहीं सकता। आप इसे क्या कहेंगे? वह सौ फीसद सही थीं। मेनका गांधी खुद भी सिख हैं।

उस दौरान उन्होंने एक बात नहीं कही थी, पर मैं जोड़ना चाहता हूं। किसी भी बड़े शहर या कस्बे में सिखों के बिना व्यावसायिक दुनिया पूरी होती ही नहीं। आपने सिखों को रिक्शा चलाते भले ही देखा हो, पर भीख मांगते कभी नहीं देखा होगा। वे स्वाभिमानी, संतोषी, वीर और समावेशी हैं। इसीलिए देश के हर हिस्से में वे सहज स्वीकृति और सम्मान पाते हैं। लोग उन्हें उनके नाम से नहीं, बल्कि 'सरदार जी' के विशेषण से पुकारते हैं। हमारे देश के सिख अपने हमवतनों की इस भावना को समझते हैं और उसका हरसंभव निर्वाह करते हैं।

**( कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो हों या आईएसआई के सर्वेसर्वा, इनको ये सीधा सच समझ क्यों नहीं आता? )**

# तारीख पर यह नाम अब हमेशा के लिए चस्पां है

नरगिस मोहम्मदी, पत्रकार



पचहत्तर सालों का एक संजीदा इंसान अपनी जिंदगी के खट्टे-मीठे अनुभवों से जो बर्दाश्त, ठहराव और गहराई बटोरता है, हमारे लोकतंत्र ने भी वे सारी खूबियां बटोरी हैं, पर कुछ लोग इसकी कद्र नहीं कर रहे, खासकर नई नस्ल के नौजवान। मगर आजादी और जम्हूरियत कितनी बड़ी नेमतें हैं, इसका अंदाज ईरानी पत्रकार और मानवाधिकार कार्यकर्ता नरगिस मोहम्मदी के संघर्ष से लगाइए। नरगिस को इस साल के नोबेल शांति सम्मान से नवाजा गया है। हालांकि, वह इस वक्त भी सलाखों के पीछे हैं!

सन् 1972 में जांजन सूबे के एक मध्यवर्गीय परिवार में नरगिस पैदा हुईं। पिता एक किसान थे, मगर ननिहाल सियासी था। यह वही दौर था, जब ईरान के निजाम मोहम्मद रजा शाह पहलवी की पश्चिमपरस्त नीतियों के खिलाफ मुल्क में असंतोष गहराता जा रहा था। नरगिस ने होश संभाला ही था कि ईरान में 1979 की इस्लामिक क्रांति हो गई। शाह मुल्क छोड़कर अमेरिका चले गए थे और राजशाही की जगह तेहरान में एक इस्लामी गणराज्य वजूद में आ गया था, जिसकी हुकूमत की बागडोर मजहबी नेता खुमैनी के हाथों में आ गई। नरगिस के मामा और दो भाई भी इस विप्लव के शिकार बने। उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था।

शाह चूंकि खुद स्विटजरलैंड से तालीमयाफ्ता थे, इसलिए उनके शासनकाल में महिलाओं को काफी आजादी हासिल थी। वे मनपसंद कपड़े पहन सकती थीं, फुटबॉल खेल सकती थीं, बल्कि तब वे मंत्री भी हुआ करती थीं; लड़कियों को पढ़ाई-लिखाई की सारी सहूलियतें हासिल थीं। नए गणराज्य में औरतों की पढ़ाई-लिखाई पर तो पाबंदी नहीं लगी, मगर उनके कई अधिकार उनसे छीन लिए गए। पहलवी शासनकाल में उनकी शादी की उम्र 18 साल थी, उसे फिर से घटाकर नौ साल कर दिया गया। वारिसी मिल्कियत में उनका हक खत्म कर दिया गया, उनके लिए ड्रेस कोड लागू किया गया, जिसमें सिर ढकने को कानूनन बाध्यकारी बना दिया गया।

अजीब विडंबना थी। इल्म की रोशन दुनिया और जुल्म के स्याह समंदर से नरगिस का एक साथ सामना होने जा रहा था। मगर वह एक जहीन दिमाग लड़की थीं और बेहतर नतीजों के साथ स्कूल की जमात-दर-जमात सीढ़ियां चढ़ती गईं। काजविन यूनिवर्सिटी में 'न्यूक्लियर फीजिक्स' में दाखिला मिलना तब किसी लड़की के लिए इतराने की बात थी, मगर पढ़ाई के साथ-साथ नरगिस को यह एहसास हुआ कि जब दुनिया भर में महिलाओं को उनके हुकूक सौंपे जा रहे हैं, तब हमारे यहां उनका दमन क्यों हो रहा? नरगिस ने सुधार के हिमायती अखबारों में औरतों के हक में लिखना शुरू किया। वह अपने लेखों में सवाल उठातीं कि औरतों के साथ यह ज्यादती क्यों? वे अपना दुपट्टा संभालना जानती हैं, मर्दों की गैरत ही सड़कों पर लोटने लगे, तब कोई क्या करेगा?

नगरिस को कई तरफ से आगाह किया गया कि वह दुश्वारी मोल ले रही हैं। उनके पास एक नायाब डिग्री है और इस बिना पर उनके आगे संभावनाओं का पूरा वितान खुला था। वह चाहतीं, तो एक पेशेवर इंजीनियर के तौर पर दुनिया के किसी अन्य मुल्क में एक पुरसुकून जिंदगी जी सकती थीं, मगर यह उन ईरानी महिलाओं के साथ धोखा होता, जो पूरी औरत जमात के लिए कोड़े खा रही थीं। इन्हीं गतिविधियों के दौरान 1995 में नरगिस की मुलाकात तागी रहमानी से हुई। तागी भी महिलाओं के हक की बात कर रहे थे।

तागी का साथ मिला, तो इरादे फौलादी हो गए। नरगिस डिग्री लेकर तेहरान आ गई थीं। इंजीनियरिंग के साथ-साथ उनका लेखन व जन-जागरूकता का काम चलता रहा। साल 1999 में दोनों ने शादी कर ली। मगर निकाह के कुछ ही माह बीते होंगे, तागी रहमानी को सरकार की निंदा करने के लिए गिरफ्तार कर लिया गया, फिर तो उन पर ऐसे-ऐसे मुकदमे ठोक दिए गए, जिनके कारण उनको कई साल की सजा हो गई। नरगिस जुड़वां बच्चों की मां बनीं, मगर वह सरकार के आगे तब भी नहीं झुकीं, बल्कि साल 2003 में वह 'डिफेंस ऑफ ह्यूमन राइट सेंटर' से जुड़ गईं। इस संगठन के तहत उन्होंने खास तौर पर ऐसे लोगों के परिजनों की काफी मदद की, जिनके अपने सरकारी जुल्म के शिकार हुए थे और उनका पुरसाहाल कोई न था। नरगिस की इस सेवा से शासन के लोग इतने परेशान हुए कि उन्होंने उनके नियोक्ता पर दबाव डालकर उन्हें नौकरी से निकलवा दिया।

मगर वह गजब की साहसी हैं। उनका अभियान तब भी नहीं रुका। उन्हें कई बार गिरफ्तार किया गया, छोड़ा गया, पर जुलाई 2011 में जब गिरफ्तार किया गया, तो वर्षों की सजा सुनाई गई। उनकी गिरफ्तारी और सजा की तिथियां इतनी बेतरतीब हैं कि शायद उन्हें भी अब याद न हो कि कब किस आरोप में उन्हें सलाखों के पीछे भेजा गया और कब जमानत दी गई! 14 वर्षों की सजा काटकर जब पति 2011 में जेल से बाहर निकले, तो एक बार फिर उन पर दबाव बढ़ने लगा। आखिरकार दोनों बच्चों की खातिर तागी रहमानी ने ईरान छोड़ दिया। 2015 से बच्चे भी उनके पास पेरिस आ गए।

मगर नरगिस ईरान में ही रहीं। कैद में रहते हुए उन्होंने वहां की महिला कैदियों की दर्दनाक हालत की जैसी-जैसी रिपोर्टें भेजीं, उसने ईरान सरकार के सारे झूठ को बेनकाब कर दिया। नरगिस को इसकी कीमत भी चुकानी पड़ी। उनके जिस्म पर अब तक 154 कोड़े बरसाए जा चुके हैं, 30 से भी ज्यादा वर्षों की कैद की सजा सुनाई जा चुकी है, पर वह एक अनथक योद्धा हैं। सलाखों के पीछे से वह किताबें, रिपोर्ताज लिखती रही हैं। कहते हैं, इंसान की जितनी जिंदगी लिखी होती है, मौत तब तक खुद उसकी हिफाजत करती है। जाना तो सबको एक दिन है, मगर नरगिस मोहम्मदी की तरह फख्र कितनों के पास होगा? तारीख पर यह नाम अब हमेशा के लिए चस्पां है!

**प्रस्तुति : चंद्रकांत सिंह**

# जब सामने मैदान में उतर आया विमान

असपी इंजीनियर, प्रसिद्ध पायलट व वायुसेना प्रमुख

बांग्लादेश से इराक तक सत्तर से ज्यादा जगहें ऐसी हैं, जिन्हें हैदराबाद कहा जाता है। एक प्रसिद्ध हैदराबाद महानगर भारत के दक्षिण में बसा है, तो एक पाकिस्तान के सिंध क्षेत्र में गुलजार है। हालांकि, यह कहानी तब शुरू होती है, जब पाकिस्तान नाम भी चर्चा में नहीं था और ये दोनों हैदराबाद भारत की शान थे। एक से दूसरे हैदराबाद तक जाना मुमकिन था, रेल पटरी बिछ चुकी थी और रेल विभाग में ही उस पारसी बच्चे के पिता अफसर थे। बड़े बंगले में रहते थे, सामने रेसकोर्स मैदान था। सपाट, हरा-भरा, सुंदर व शांत, पर एक दिन शांत मैदान पर हलचल दिखी। दूर से एक विमान थोड़ा लहराते उड़ा चला आ रहा था, मानो इसी मैदान की तलाश में चला आ रहा हो। सात साल का वह पारसी बच्चा बड़ी-बड़ी आंखों के साथ अचंभित खड़ा देख रहा था।

ठीक उसके सामने मैदान में वह विमान जमीन पर उतरा और कुछ दौड़कर थम गया। यह भी क्या अजीब चीज है, बिल्कुल किसी बड़ी चिड़िया की तरह, जिसे इंसान ही उड़ा ले जाता है और फिर उतार लाता है। वह अंग्रेज विमान चालक थे, जिन्हें आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी थी। कोई उन्हें पहचानता नहीं था, पर सभी ने स्वागत किया। बाकी मेहमान पैदल, तांगे या रेल से आते हैं, पर यह मेहमान उड़कर आया है, सारे मेजबान अपनी मेजबानी का नया इतिहास लिखने उमड़ आए थे।

बच्चे के आश्चर्य का ठिकाना न था। मैदान में एक बार उतरा विमान उसके मन-मस्तिष्क में बार-बार उतर रहा था। विमान और उसकी उड़ान पर प्यार हर बार बढ़ता जा रहा था। बहरहाल, दूसरे ही दिन बहुत धूमधाम से वह विमान फिर आकाश में जा चढ़ा और कराची की ओर उड़ गया। बच्चा पूरी तरह मोहित हो गया था। उतरने से भी ज्यादा मजेदार था, कुछ दूर दौड़ते हुए आसमान में उड़ जाना। मन में विमान के उतरने-चढ़ने के बीच सवालों का बवंडर भी उमड़ता था। उड़ते हुए कैसा लगता होगा? खुशी मिलती होगी या डर लगता होगा? नीचे जब पहाड़ दिखते होंगे, नदी या जंगल गुजरते होंगे, तब कैसा लगता होगा? बच्चे का मन थमने का नाम नहीं लेता था कि काश! किसी दिन बंगले की छत पर ही विमान उतर आए, इतनी बड़ी छत है, वहां नहीं, तो स्कूल की छत पर ही उतर आए! उसने तय कर लिया और लोगों को बता दिया कि वह एक दिन जरूर विमान उड़ाएगा।

विमान के प्रति बेटे की ऐसी दीवानगी ने अधिकारी पिता को भी भीतर तक छू लिया। वह भी इंतजार करने लगे थे कि बेटा कुछ बड़ा हो जाए, तो विमानों से भरी उसकी खयाली दुनिया को साकार कर दिया जाए। खैर, खुशी का वह दिन भी आया, जब 15 दिसंबर, 1929 को अपने सबसे बड़े बेटे असपी इंजीनियर को 17वें जन्मदिन पर रेलवे अधिकारी मेहरवान इंजीनियर ने एक सेकंड-हैंड जिप्सी मोथ विमान उपहार में दिया। दो सीटों वाला, खुली कॉक-पिट, 30 फीट के पंखों वाला, लकड़ी और कपड़े से बना चार सिलेंडर, 100 एचपी इंजन वाला विमान। फिर क्या था, सुबह से शाम तक बस विमान ही सारा जहान। महज तीन महीने लगे विमान चलाना सीखने में और लाइसेंस भी मिल गया। उन्हीं दिनों एक बड़ी प्रतियोगिता घोषित हुई, एक महीने के समय में कराची से लंदन या लंदन से कराची विमान उड़ाकर लाना था। असपी भी तैयार हो गए। पिता रोक न पाए। एक अन्य पायलट आरएन चावला भी साथ हो लिए।

पिता ने ही पुत्र के ख्वाब पर खर्च किया और 3 मार्च,1930 को कराची से लंदन के लिए सफर शुरू हुआ। जहां-तहां रुकते-रुकाते दोनों भारतीय पायलट 21 मार्च को लंदन में उतरे। वहां पहुंचकर असपी ने फैसला किया कि वापसी अकेले करूंगा। करीब 5,000 मील की उड़ान 25 अप्रैल, 1930 की सुबह शुरू हुई। गजब का दौर था, रास्ते में एक जगह विमान खराब हुआ, तो 26 वर्षीय पायलट जे आर डी टाटा से भेंट हुई। विमान उड़ाते लंदन जा रहे टाटा ने अपना स्पार्क प्लग असपी को दिया और बदले में असपी ने अपनी लाइफ जैकेट टाटा को भेंट कर दी। अंततः 11 मई, 1930 की शाम 4.10 बजे कराची में असपी ने अपना विमान उतारा। प्रतियोगिता में वह विजेता घोषित किए गए और टाटा महज 20 घंटे पीछे रह गए। किशोर असपी ने न जाने कितने रिकॉर्ड तोड़े-बनाए और प्रसिद्ध हो गए।

कराची में जश्न मनाया गया। वहां एक पत्रकार ने असपी से पूछा कि 'वह भविष्य में क्या करेंगे', तो जवाब मिला, 'मुझे वायु सेना में अपने देश की सेवा का मौका बहुत पसंद आएगा।' जल्दी ही उनकी इच्छा पूरी हुई। बाद में वह आजाद भारत के दूसरे वायुसेना प्रमुख बने। जब भी 8 अक्टूबर को वायुसेना दिवस मनाया जाता है, वह पायलट असपी इंजीनियर जरूर याद आते हैं, जो विमान को कहीं भी उतारने का जिगर रखते थे।

**प्रस्तुति : ज्ञानेश उपाध्याय**

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair

DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी


JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)






# श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### मुख्यमंत्री की घोषणा पर अमल : छत्तीसगढ़ कुक्कुट पालन प्रोत्साहन योजना शुरू

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य में कुक्कुट पालन को प्रोत्साहित करने छत्तीसगढ़ कुक्कुट पालन प्रोत्साहन योजना प्रारंभ की गई है। पशुधन विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा 15 अगस्त 2023 को इस नवीन योजना को शुरू करने की घोषणा के परिपालन में 1 करोड़ रूपए आकस्मिकता निधि से अग्रिम स्वीकृति दी गई है। योजना के अंतर्गत कुक्कुट पालन शुरू करने वाले उद्यमियों को स्ववित्तीय अथवा बैंक ऋण से व्यवसायिक इकाई स्थापित पर 5 वर्ष के लिए स्थायी पूंजी निवेश अनुदान प्रदान किया जाएगा। पशुधन विकास विभाग से मिली जानकारी के अनुसार राज्य में रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर प्रदान करने के लिए शुरू की गई इस योजना में विकसित और विकासशील विकासखण्डों में कुक्कुट पालन इकाईयों की स्थापना के लिए 25 से 40 प्रतिशत तक पूंजी निवेश अनुदान दिया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि ब्रायलर, देशी कुक्कुट और रंगीन कुक्कुट इकाईयों की स्थापना के लिए अ श्रेणी क्षेत्र में सामान्य श्रेणी के हितग्राही को 25 प्रतिशत तथा अनूसुचित जाति एवं अनूसुचित जनजाति और ईडब्लूएस के हितग्राही हेतु स्थायी पूंजी निवेश पर 30 प्रतिशत का अनुदान दिया जाएगा। इसी तरह ब श्रेणी क्षेत्र के सामान्य हितग्राही को 35 प्रतिशत और अनूसुचित जाति एवं अनूसुचित जनजाति और ईडब्लूएस के हितग्राही हेतु स्थायी पूंजी निवेश पर 40 प्रतिशत का अनुदान दिया जाएगा। इसी प्रकार कुक्कुट लेयर और पेरेंट कुक्कुट इकाई के लिए अ श्रेणी क्षेत्र में सामान्य श्रेणी के हितग्राही को 25 प्रतिशत तथा अनूसुचित जाति एवं अनूसुचित जनजाति और ईडब्लूएस के हितग्राही हेतु स्थायी पूंजी निवेश पर 30 प्रतिशत का अनुदान दिया जाएगा।

### नन्हे मुन्ने बच्चों ने डांस में दिखाई अपनी प्रतिभा

**कोरबा।** महाराजा अग्रसेन जंयती के अवसर पर अयोजित प्रतियोगिताओ का महाकुंभ में अग्रवाल महिला मंडल व अग्रसेन नवयुवक मंच के द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओ के तहत श्री अग्रसेन कन्या महाविद्याल व श्री अग्रसेन पबिलक स्कुल में प्रतियोगिता का अयोजन किया गया । अग्रवाल महिला मडल के द्वारा दिनांक 06.10. 2023 को श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में हाउजी का आयोजन सभी वर्ग की बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए किया गया इसमें महिलाओं में काफी उत्साह देखने को मिला इसके साथ ही हर नंबरों में उपहरों मिलने से उसके उत्साह बढता ही जा रहा था । अग्रवाल महिला मंडल द्वारा नाटक (संबंध विच्छेद करण व सुझाव) पर आधार नाटक का मंचन करना था इस प्रतियोगिता के माध्यम से जहां प्रतिभागियों ने समाज में एक संदेश दिया है वर्तमान परिवेश में हो रहे संबंध विच्छेद को सफल नाटय रूप में मंचन से परिवारों में होने वाली आपसी नोकझोक रिश्तों को तोडने की की कागर पर ला कर रख देती है नाटय रूप में यह परिवारों होने वाली छोटी छोटी घटनों के माध्यम से सफल मंचन किया गया और नाटक के अंत में एक महत्वपूर्ण संदेश भी दिया गया कि हमें छोटी छोटी बातों को छोड देना चाहिए और रिश्तों को बचाने का प्रयास करना चाहिए इस प्रतियोगिता में 20 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया । दिनांक 07.10.2023 को अग्रसेन नवयुवक मंच के द्वारा किड्स डांस प्रतियोगिता का अयोजन किया गया इसमें 40 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया किड्स डांस में बच्चों ने विभिन्न वेशभूसा के साथ जहां अपने डांस की प्रस्तुति दी वाही डांस के माध्यम से कुछ ने समाज में एक खुबसुरत संदेश भी दिया ।

# छत्तीसगढ़ में स्टूडेंट्स को मिलेगी फ्री यात्रा की सुविधा, सरकार ने शुरू की छत्तीसगढ़ युवा मितान परिवहन योजना

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ के कॉलेजों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के लिए सरकार ने एक अच्छी पहल करते हुए खास योजना शुरू की है। शनिवार को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ युवा मितान परिवहन योजना का शुभारंभ किया। इस योजना के शुरू होने से छात्र-छात्राओं को घर से कॉलेज आने-जाने के लिए निःशुल्क परिवहन सुविधा मिलेगी। दूर-दराज से आने वाले छात्र-छात्राओं की परेशानी को देखते हुए सरकार ने यह निर्णय लिया है। कॉलेज और विवि में पढ़ने वाले 1 लाख से अधिक विद्यार्थियों को इस योजना से लाभ होगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने इसकी मांग की थी जिस पर उन्होंने इसकी घोषणा की। मुख्यमंत्री की घोषणा पर अब अमल हो गया है।




मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने योजना के शुभारंभ पर छात्र-छात्राओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि मैंने आप लोगों से वादा किया था कि कॉलेजों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को घर से कॉलेज और कॉलेज से घर आने-जाने के लिए शासन की ओर से निःशुल्क परिवहन सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उसी वादे के अनुरूप आज के इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ युवा मितान परिवहन योजना का शुभारंभ किया जा रहा है। मैं बहुत अच्छी तरह यह समझ सकता हूं कि दूर-दराज से कॉलेज पढ़ने के लिए आने-जाने में विद्यार्थियों को कितनी परेशानी का सामना करना पड़ता है। गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के विद्यार्थियों को और भी ज्यादा कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। विद्यार्थियों को कॉलेज आने-जाने के लिए निःशुल्क परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने का वादा हमारे घोषणा पत्र में भी था। आज से इस सुविधा की शुरुआत की जा रही है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने हा कि इस योजना के अंतर्गत शासकीय कॉलेजों और राजकीय विश्वविद्यालयों में पढ़ने वाले 01 लाख से ज्यादा नियमित विद्यार्थियों को लाभ होगा।

इस योजना पर लगभग 110 करोड़ रुपए का आर्थिक व्ययभार आएगा, इसमें से आधा भार राज्य शासन द्वारा वहन किया जाएगा एवं आधा व्यय बस संचालकों द्वारा छूट के तौर पर वहन किया जाएगा। पिछले पांच वर्षों के दौरान हमने प्राइमरी स्कूलों से लेकर महाविद्यालयों तक उत्कृष्ट शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगातार कदम उठाए हैं। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय योजना के अंतर्गत राज्य में 753 अंग्रेजी और हिंदी माध्यम के उत्कृष्ट विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है। इन स्कूलों में 4 लाख से अधिक विद्यार्थियों को निःशुल्क प्रवेश दिया गया है।

#### विद्यार्थी ऐसे उठा सकते हैं योजना का लाभ

छत्तीसगढ़ युवा मितान परिवहन योजना का लाभ उठाने के लिए छात्र वेबसाईट पर कॉलेज और रूट के साथ बस पास के लिए आवेदन कर सकते हैं। कॉलेज लॉग इन कर सभी विवरणों की जांच के पश्चात् आवेदन को स्वीकृत या अस्वीकार करेगा। स्वीकृत छात्र लॉग इन कर क्यूआर कोड युक्त अपना बस पास डाउनलोड कर उसका प्रिंटआउट अपने पास सुरक्षित रख सकते हैं। बस कंडेक्टर द्वारा पास की जांचकर घर से महाविद्यालय, महाविद्यालय से घर ले जाया जाएगा।

#### विद्यार्थियों को मिलेगा लाभ

छत्तीसगढ़ युवा मितान परिवहन योजना के तहत छात्रों को घर से महाविद्यालय तक आने-जाने में सुविधा होगी। निःशुल्क परिवहन से छात्रों को उच्चशिक्षा प्राप्त करने में आसानी होगी। यह योजना छात्रों के लिए आर्थिक रूप से भी मददगार होगी। यह योजना छात्रों के समय की बचत करेगी। यह योजना छात्रों के बीच सामाजिक समावेश को बढ़ावा देगी।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि राज्य के सभी शासकीय स्कूलों में शिक्षकों की कमी को दूर करते हुए 30 हजार से अधिक शिक्षकों की भर्ती की गई है। कॉलेजों में 1252 सहायक प्राध्यापकों, 40 ग्रंथपालों और 39 क्रीड़ा अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। हाल ही में हमने 12 वीं के विद्यार्थियों के लिए स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना की शुरुआत भी की है। इस योजना में विद्यार्थियों को नीट और जेईई प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग दी जा रही है। पिछले पांच वर्षों के दौरान राज्य में 83 नये कॉलेज खोले गए हैं। पहले से संचालित कॉलेजों में 23 हजार 500 सीटों की वृद्धि की गई है। जिला मुख्यालयों में 10 नये कन्या महाविद्यालय खोले गए हैं। राज्य में अंग्रेजी माध्यम के 10 कॉलेजों की भी शुरूआत की गई है। प्रदेश में वर्ष 2018-19 में 02 लाख 26 हजार 373 विद्यार्थी कॉलेजों में प्रवेशित थे, इसकी तुलना में वर्ष 2022-23 में 03 लाख 35 हजार 139 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। साथियों, हमारी सरकार ने विद्यार्थियों के लिए शिक्षा के उत्कृष्ट वातावरण के निर्माण के साथ-साथ उनके लिए अच्छा भविष्य भी सुनिश्चित किया है। कार्यक्रम में मंत्री अनिला भेंड़िया, विधायक लखेश्वर बघेल, मुख्यमंत्री के सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी, उच्च शिक्षा आयुक्त शारदा वर्मा, कॉलेज के प्रधानाचार्य तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# मंत्री कवासी लखमा ने किया विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मंत्री कवासी लखमा शनिवार को ग्राम पेंटा में विभिन्न निर्माण कार्य का भूमिपूजन एवं लोकार्पण में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा की छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद आज अंदरूनी क्षेत्रों में सड़क, बिजली, वन अधिकार पट्टा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पूर्व कोर्रापहाड़ गया था जँहा पहले बिजली, स्कूल नही था वँहा मोटर साईकल से गया था आज भूपेश बघेल के नेतृत्व की सरकार के प्रयास से इस गांव में आज बिजली, स्कूल, आंगनबाड़ी चल रही है जल्द ही सड़क का भी निर्माण किया जायेगा। आज कोर्रापहाड़ बदल रहा है।



मंत्री लखमा ने कहा कि अभी आप लोगो को कैसा लग रहा है। लोगो ने नक्सल का प्रभाव का कम होना बताया। पहले राशन कार्ड काटने का काम किया जाता था आज सभी का राशन कार्ड बनाने के साथ ही वितरण करने का काम किया जा रहा है। पहले लोग घर से निकलने में डरते थे, आज लोग कहि भी आ जा सकते है। रोड बनाने की बात पर उन्होंने कहा की, अंदर वालो से हम डरने वाले नही है। उन्होंने आगे कहा की आज के समय मे रोड पुल बनाना अवश्य है। सड़क बनने से ही आपके गांव में विकास पहुँचेगा। एम्बुलेंस, दवाई, सामना, हॉस्पिटल जाने के साथ ही दुसरे गांव से जुडने् के लिए रोड बहुत जरूरी है। टेट्राई जाने के लिए पक्की सड़क न होने के कारण गाड़ी नही पहुँच पाती है। एर्राबोर में टेट्राई के लिए सड़क की घोषणा मैने किया था जिसे दिसम्बर से मई तक मे रोड निर्माण कार्य पूरा किया जायेगा। मेड़वाई का रोड प्रस्तावित हैं, रेगडगट्टा का रोड का निर्माण चल रहा है आने वाले समय मे सड़क मार्ग होते हुए गाढ़ी से जाऊंगा।

उन्होंने कहा की बारूवाड़ा का पुल, एर्राबोर के सबरी नदी में पुल बनाने का काम किया जायेगा। आज हमारी सरकार भूमिहीन किसानों, गायता, पुजारी, हाथपरिया, मांझी, चालकी, कोटवार आदि को सात हजार रुपये सालाना दी जा रही है 2640 में धान की खरीदी की जा रही है। आने वाले समय मे 3000 रुपये में धान की खरीदी की जायेगी। रोड , पल5 निर्माण के साथ ही गरीब आदिवासियों के जेब मे सरकार की जनकल्याणकारी योजनों के माध्यम से पहुचाने का काम किया जा रहा है। आज उचित मुल्य पर कोदो का रेट 3200 तथा कोसरा का 3500 में खरीदी की जा रही है। अंदरुनी क्षेत्रो जैसे गोलापल्ली, किस्टाराम, जगरगुंडा में हॉस्पिटल, आधारकार्ड, राशन कार्ड बनाये का काम कांग्रेस की सरकार कर रही है।

सड़क निर्माण, पुल निर्माण, थाना व कैम्प का विरोध करने वाली कम्युनिस्ट पार्टी को वोट मांगने का अधिकार नही है, विकास विरोधी लोगो को वोट नही देना चाहिए। सड़क, धान खरीदी, तेंदुपत्ता आदि के बारे में बात नही करती है, सीपीआई को वोट देने से विकास नही होगा।

पहले केवल कोंटा वधानसभा में एक मात्र तहसील हुआ करता था, सुकमा जिला बनने के बनने के बाद आज हमारी सरकार में गादीरास, तोंगपाल, छिंदगढ़, केरलापाल, दोरनापाल, जगरगुंडा में तहसील बनाने का काम किया गया। आज महंगाई दिनों दिन बढ़ते जा रही है, आज खाने पीने के समान से लेकर पहनने के कपड़ो में त्रस्ज्ञ लग रही है जिससे व्यापारी वर्ग से लेकर गरीब आदमी परेशान हो रही है। हम नही कहते की जीएसटी नही होनी चाहिए।

# स्व सहायता समूह की महिलाएं, उन्नत कोदो प्रसंस्करण, लाख उत्पादन को समझने मध्यप्रदेश रवाना




श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरिया।** छत्तीसगढ़ सरकार लगातार मिलेट्स मिशन को बढ़ावा देने के लिए अनेक योजनाएं शुरू की है। आदिवासी अंचल के मुख्य आय लघु वनोपज, तेंदूपत्ता की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा रही है, वहीं लाख की खेती को कृषि का दर्जा दिया गया है। कल गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों को राशि वितरण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मिलेट्स उत्पादक किसानों के हित में बड़ी घोषणा की। उन्होंने कोदो और कुटकी के समर्थन मूल्य में वृद्धि की घोषणा की। श्री बघेल ने खरीफ 2023 हेतु कोदो का समर्थन मूल्य 3000 रुपए प्रति क्विंटल से बढ़कर 3200 रुपए प्रति क्विंटल करने तथा कुटकी का समर्थन मूल्य 3100 रुपए प्रति क्विंटल से बढ़कर 3350 रुपए प्रति क्विंटल करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार कोदो तथा कुटकी का समर्थन मूल्य घोषित नहीं करती है। राज्य सरकार द्वारा कई बार केंद्र से कोदो और कुटकी का समर्थन मूल्य घोषित करने का आग्रह किया गया लेकिन केंद्र सरकार द्वारा इसकी घोषणा नहीं की गई। इसलिए छत्तीसगढ़ के मिलेट्स उत्पादक किसानों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा कोदो- कुटकी का समर्थन मूल्य घोषित किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कोदो का समर्थन मूल्य जो वर्ष 2022-23 में 3000 प्रति क्विंटल था जिसे खरीफ 2023 हेतु बढ़ाकर 3200 रुपए प्रति क्विंटल करने तथा कुटकी का समर्थन मूल्य जो 3100 रुपए प्रति क्विंटल था उसे बढ़ाकर 3350 प्रति क्विंटल करने की घोषणा की। कोदो-कुटकी के समर्थन मूल्य में वृद्धि की घोषणा पर त्वरित अमल करते हुए छत्तीसगढ़ शासन के कृषि एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा खरीफ 2023 में उत्पादित कोदो एवं कुटकी के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि के संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है।

झलप-पटेवा क्षेत्र में करोड़ों के विकास कार्यों की मिली सौगात

# संसदीय सचिव ने पांच गांवों में विकास कार्यो के लिए किया भूमिपूजन-लोकार्पण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**महासमुन्द।** झलप-पटेवा क्षेत्र में लाखों रुपए के विकास कार्यों की सौगात मिली है। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों की मौजूदगी में विकास कार्यों के लिए भूमिपूजन किया।

ग्राम पंचायत चौकबेड़ा, बावनकेरा, गोंडपाली, पचरी व झलप में सीसी रोड सहित अन्य विकास कार्यों के भूमिपूजन-लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया। अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष लक्ष्मण पटेल, जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री संजय शर्मा, ब्लाक अध्यक्ष खिलावन साहू, आलोक नायक, सीटू सलूजा, जनपद सदस्य हेमंत डडसेना, रेवती रमन पटेल, द्रोण चंद्राकर, लमेकश्वर साहू, मायाराम टंडन, बसन्त सिन्हा, मो शकील खान, विवेक पटेल, कुमेंद्र चंद्राकर, सरपंच रेवाराम चंद्राकर मौजूद रहे। पूजा अर्चना पश्चात मुख्य अतिथि संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर ने विकास कार्यों के लिए भूमिपूजन किया। अपने संबोधन में संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि भूपेश सरकार सभी वर्गों के हित में प्रदेश के चौमुखी विकास के लिए कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार किसानों की सरकार है। किसानों के हित में लगातार फैसले लिए जा रहे हैं। सरकार बनते ही जहां किसानों का कर्ज माफका फैसला लिया गया वहीं समर्थन मूल्य में धान खरीदी पर मुहर लगाई गई। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में पहली बार छत्तीसगढ़िया मुख्यमंत्री बना है, जो किसानों के विकास का काम कर रहा है। मेहनतकश किसानों, मजदूरों और गरीबों का मर्म समझकर जन सरोकार के अनेक नीतिगत फैसलों से आज किसान, गरीब, मजदूर सहित सभी वर्ग खुशहाल हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के किसान हितैषी फैसलों से राहत मिल रही है। भूपेश सरकार द्वारा 15 क्विंटल प्रति एकड़ के स्थान पर 20 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी का फैसला लिया गया है। छत्तीसगढ़ देश का एकमात्र राज्य है जहां किसानों के हित में ऐसा निर्णय लिया गया है। संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए उसका लाभ उठाने का आव्हान किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कमलेश चंद्राकर, कीर्ति कोसरिया, राजू दीवान, राजा गंभीर, राजा कोसा, संतोष साहू, समीर सेन, श्री डडसेना, लील सिंग दीवान, अनिल चंद्राकर, केशव कोसरे, हेमचंद बारले, कामता माहेश्वरी, जगत सोनवानी, टीका राम कुर्रे, झाडू राम चौहान, बहुर विश्वकर्मा, चिंता राम ध्रुव, सोमनाथ ध्रुव, जगत माहरा, आनंद माहरा, धनसिंग बंजारे, जयचंद चेलक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।


ॐ साईं राम
माँ पुस्तक भंडार



होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578



Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65




CONTACT
Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

# ट्रेनों में हो रही है तीसरी आंख से निगरानी एसईसीआर के ट्रेनों में लगे हैं सीसी टीवी कैमरे

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे यात्रियों को बेहतर यात्री सुविधाएं तथा सुरक्षा के साथ बेहतर यात्रा अनुभव देने प्रतिबद्ध है। यहां के कई ट्रेनों में तीसरी आंख से निगरानी की जा रही है। ट्रेनों में अपराध की रोकथाम, संदिग्ध गतिविधि का पता लगाने और सुरक्षा कारणों को ध्यान में रखकर ट्रेनों के कोच में क्लोज सर्किट टेलीविजन (सीसीटीवी) कैमरे लगाए गए हैं। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत 110 एलएचबी कोच, 72 ईएमयू के कोच तथा 08 डेमू कोच में क्लोज सर्किट टेलीविजन (सीसीटीवी) कैमरे गए है। इससे ट्रेनों में किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधियों की सूचना प्राप्त होने पर इन कैमरों की मदद से कार्रवाई की जा सकेगी ।



दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत यात्री ट्रेनों में बिलासपुर-नागपुर-बिलासपुर, वंदे भारत एक्सप्रेस, दुर्ग-निज़ामुद्दीन-दुर्ग, हमसफर एक्स्प्रेस के 22 कोच, कोरबा-अमृतसर-कोरबा, छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस के 38 कोच, बिलासपुर-भगत की कोठी-बिलासपुर एक्सप्रेस के 13 कोच, बिलासपुर-पुणे व बिलासपुर-चेन्नई एक्सप्रेस के 06 कोच, बिलासपुर-पटना व बिलासपुर-एर्नाकुलम एक्सप्रेस के 04 कोच, दुर्ग-निजामुद्दीन, संपर्कक्रांति व दुर्ग-जम्मूतवी एक्सप्रेस के 16 कोच सहित 11 स्पेयर कोच शामिल है। इसी प्रकार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में चलने वाली बल्लारसाह-गोंदिया मेमु के 12+12 कोच, चांदाफोर्ट-गोंदिया मेमु के 12 कोच, गोंदिया-झारसुगुड़ा मेमु के 12 कोच, झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमु के 12 कोच, केवटी-रायपुर डेमू के 8 कोच सहित 12 स्पेयर कोचों में क्लोज सर्किट टेलीविजन (सीसीटीवी) कैमरे लगाए जा चुके है।

### 26 स्टेशन परिसरों में भी लगे हैं कैमरे

ट्रेनों में कोच के अतिरिक्त दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में 26 स्टेशनों के प्लेटफार्म व स्टेशन परिसरों में क्लोज सर्किट टेलीविजन (सीसीटीवी) कैमरे लगाए गए है । इन कैमरों की मदद से आपराधिक एवं संदिग्ध गतिविधियों की रोकथाम के साथ स्टेशनों पर यात्रियों के छूटे हुए सामानों की बरामदगी में भी सहायता मिल रही है। इसके अतिरिक्त संदिग्धों एवं अपराधियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने तथा विवाद सुलझाने में कैमरे के फुटेज साक्ष्य के तौर पर उपयोग में लाये जा रहे है। साथ ही साथ रेलवे की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाले शरारती तत्वों और रेल में अपराध करने वालों पर भी अंकुश लगाने में क्लोज सर्किट टेलीविजन (सीसीटीवी) कैमरे महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है । पिछले 2 साल में लगभग 50 से भी अधिक मामलों को सीसीटीवी के द्वारा डिटेक्ट किया गया है, जिसमें इन घटनाओं में संलिप्त लोगों की गिरफ्तारी के साथ-साथ चोरी आदि मामलों में संपत्ति की बरामदगी भी की गई है।

### महिला यात्रियों की सुरक्षा के लिए 'मेरी सहेली' अभियान

यात्रियों विशेषतया महिला यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 'मेरी सहेली' अभियान चलाई गई है। इस अभियान के तहत रेलवे सुरक्षा बल (त्रक्र्रस्न) की टीम ट्रेन में अकेले सफर कर रही महिला यात्रियों के पास जाकर उनसे बात करती है। अगर महिला यात्री को किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर उसे तुरंत हल किया जाता है। इसके अलावा यात्रियों को एक हेल्पलाइन लाइन नम्बर भी दिया गया है जिस पर शिकायत करने पर तुरंत एक्शन लिया जाता है।

### अक्षिता सेफ बबल का सफल प्रयोग

महिला यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा व सम्मान की सार्थक पहल के लिए महत्वपूर्ण स्टेशनों में अक्षिता सेफबबल का सफल प्रयोग व क्रियान्वयन किया गया है, जो कि प्लेटफार्म पर प्रतीक्षारत महिला यात्रियों के लिए सुरक्षित व सुविधापूर्ण स्थान उपलब्ध कराता है। इसके अतिरिक्त प्रतिदिन यात्रा करने वाली महिलाओं के लिए तेजस्विनी वाट्सएप ग्रुप का सफल संचालन किया जा रहा है। यात्रियों की सुरक्षित एवं संरक्षित यात्रा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसे सुनिश्चित करने हेतु निरंतर नई तकनीक का समावेश किया जा रहा है।

## सीएम बघेल का राज्य पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ संघ ने जताया आभार

**रायपुर (ए)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से उनके निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ राज्य पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ संघ के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने समयमान वेतनमान प्राप्त होने पर वर्तमान पदनाम परिवर्तन किये जाने पर मुख्यमंत्री बघेल का आभार जताया।

प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रदर्शित करते हुए कहा कि 8 वर्ष की सेवा उपरांत प्रथम समयमान वेतनमान प्राप्त होने पर उनका वर्तमान पदनाम पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ को संशोधित कर वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी पदनाम हेतु स्वीकृति दी गई है। इसी प्रकार 16 वर्ष की सेवा उपरांत द्वितीय समयमान वेतनमान प्राप्त होने पर वर्तमान पदनाम पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ को संशोधित कर अतिरिक्त उपसंचालक पदनाम दिए जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है। इन फैसलों से प्रदेश भर के पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ लाभान्वित होंगे। मुख्यमंत्री ने पदनाम परिवर्तन पर समस्त पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ संघ से अध्यक्ष डॉ. संजीव सिरमौर तथा डॉ. अशोक कुमार पटेल, डॉ. के एन राम, डॉ. मौसम मेहरा, डॉ. रविंद्र चौरसिया, डॉ. के के वर्मा, डॉ. अनिल शुक्ला, डॉ. दीपक चंद्राकर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



## कारखानों में श्रमिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिएः डॉ. डहरिया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के कल-कारखानों में दुर्घटनाओं की रोकथाम और कार्यस्थलों में श्रमिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने प्रबंधन की भूमिका सेमिनार का विगत दिनों आयोजन किया गया। औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संचालनालय द्वारा राजधानी रायपुर के एक निजी होटल में आयोजित किया गए इस सेमिनार में श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

श्रम मंत्री डॉ. डहरिया ने सेमिनार में प्रबंधन से जुड़े लोगों को श्रमिकों की सुरक्षा के मद्देनजर हर संभव उपाय सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कारखानों के संचालन में श्रमिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। सेमिनार मे देश के विभिन्न क्षेत्रों से सुरक्षा के क्षेत्र मे कार्य करने वाले विषय विशेषज्ञों द्वारा अलग अलग सत्रों मे व्याख्यान दिए गए। सेमिनार मे पूर्व कारखानो मे घटित दुर्घटनाओ और उनसे बचाव के उपायों पर भी चर्चा की गई। सेमिनार मे प्रदेश के विभिन्न कारखानों से प्रतिनिधि भी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता भीम सिंह, श्रमायुक्त सह मुख्य कारखाना निरीक्षक द्वारा की गई। विभाग के प्रभारी संचालक केके द्विवेदी द्वारा सभी अतिथियो एवम् प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए शून्य दुर्घटना के लिए कार्य करने का आह्वान किया गया।




## छत्तीसगढ़ रीजनल साईंस सेंटर में उत्साहपूर्वक मनाया गया राष्ट्रीय वन्य सप्ताह

स्कूली छात्र-छात्राओं को वन्यजीव और पर्यावरण संरक्षण की दी गई जानकारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के दलदल सिवनी स्थित छत्तीसगढ़ रीजनल साईंस सेंटर में राष्ट्रीय वन्यजीव सप्ताह उत्साहपूर्वक मनाया गया। साइंस सेंटर के महानिदेशक एसएस बजाज के मार्गदर्शन में विभिन्न कार्यक्रम और गतिविधियां आयोजित की गई। पक्षियों के जीवन पर विशेष ध्यान देने के साथ ही वन्य जीवन और प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूकता लाना ही इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य रहा। कार्यक्रम में भारतीय वन सेवा के अधिकारी शशि कुमार ने बर्ड वॉचिंग विषय पर महत्वपूर्ण व्याख्यान दिया और यह इंटरैक्टिव और रोचक सत्र था।



शशि कुमार ने इस दौरान वन्यजीव संरक्षण में अपनी गहन अंतर्दृष्टि और व्यापक अनुभव छात्र-छात्राओं के साथ साझा किए। चित्र के माध्यम से विभिन्न पक्षियों को पहचानने के बारे में जानकारी दी और इससे जुड़ी पौराणिक कहानियां भी बताई। उन्होंने गिधवा परसदा पक्षी विहार में आयोजित 'हमर चिरई हमर चिन्हारी पक्षी महोत्सव' का वीडियो भी छात्र-छात्राओं को दिखाया और इसके आयोजन से जुड़ी जानकारियां दी। शशि कुमार ने राष्ट्रीय वन्यजीव सप्ताह के महत्व और पर्यावरण तथा हमारे बहुमूल्य वन्यजीवों के आवासों की रक्षा के लिए स्थायी प्रथाओं की आवश्यकता को रेखांकित किया।

साईंस सेंटर के महानिदेशक एसएस बजाज ने राष्ट्रीय वन्यजीव सप्ताह के आयोजन से जुड़ी जानकरियां दी। उन्होंने छात्र-छात्राओं को वन्यजीव संरक्षण से जुड़ी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी देने के लिए प्रोत्साहित किया। वैज्ञानिक डी अमित कुमार मेश्राम, वैज्ञानिक अधिकारी प्रज्ञा कदम, जूनियर रिसर्च फेलो श्रेया मिश्रा और तारणी वर्मा सहित स्कूली छात्र-छात्राओं ने इस ज्ञानवर्धक व्याख्यान में उत्सुकता से भाग लिया।

## राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत 9 नए राष्ट्रीय कार्यक्रमों का शुभारंभ

आयुष विभाग द्वारा चिकित्सकों के लिए उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में आज नौ नए राष्ट्रीय कार्यक्रमों का शुभारंभ किया गया। रायपुर के पंडित जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित शुभारंभ कार्यक्रम में राज्य शासन के आयुष विभाग द्वारा चिकित्सकों के लिए उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन भी किया गया। चिकित्सा शिक्षा विभाग के सचिव पी. दयानंद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। आयुष विभाग की संचालक सुश्री नम्रता गांधी एवं वरिष्ठ विभागीय अधिकारी भी शुभारंभ कार्यक्रम और उन्मुखीकरण कार्यशाला में उपस्थित थे।

राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत आज राज्य में सुप्रजा आयुष मातृ एवं नवजात देखभाल, वयोमित्र, करुणा, आयुर्विद्या, एनीमिया और लिम्फेटिक फाइलेरियासिस के लिए रुग्णता प्रबंधन व विकलांगता नियंत्रण जैसे नवीन राष्ट्रीय कार्यक्रमों की शुरुआत की गई। उन्मुखीकरण कार्यशाला के दौरान विभागीय अधिकारियों और चिकित्सकों ने स्वास्थ्य प्रणाली को और मजबूती प्रदान करने पर विस्तृत चर्चा की। आज प्रारंभ हुए नए कार्यक्रमों के बारे में विभाग द्वारा जल्दी ही विस्तृत प्रशिक्षण भी आयोजित किए जाएंगे। चिकित्सा शिक्षा विभाग के सचिव पी. दयानंद ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अनुचित जीवन शैली जनित विकार तथा अन्य जटिल रोगों के उपचार में आयुष चिकित्सा पद्धतियों की बड़ी भूमिका है।




उन्होंनें कार्यक्रम में मौजूद चिकित्सकों से कहा कि इन चिकित्सकीय ज्ञान और चिकित्सा पद्धतियों को आत्मविश्वास के साथ लोगों तक पहुंचाएं जिससे उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सके। उन्होंने आयुष विभाग से जुड़े कार्यक्रमों का उल्लेख करते हुए सभी कार्यक्रमों का क्रियान्वयन समय-सीमा में पूर्ण होने की उम्मीद जताई। उन्होंने आयुष में संचालित सभी कार्यक्रमों के तहत रोगियों की केस स्टडी भी प्रकाशित करने को कहा। कार्यक्रम में आयुष संचालनालय के अधिकारी, शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय रायपुर और बिलासपुर के प्राचार्य एवं संबंधित विषय विशेषज्ञ, सभी जिलों के जिला आयुर्वेद अधिकारी और चिकित्सक मौजूद थे।

## खास खबर...



### चौथी छत्तीसगढ़ राज्य महिला फुटबॉल लीग चैम्पियनशिप आज से 30 नवंबर तक

**रायपुर (ए)।** छत्तीसगढ़ फुटबॉल संघ के तत्वावधान में रायपुर, भिलाई एवं दल्लीराजहरा में 8 अक्टूबर से 30 नवम्बर 2023 तक चौथी राज्य महिला फुटबॉल लीग चैम्पियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। इस लीग में चयनित 60 बालिका खिलाड़ियों को खेल एवं युवा कल्याण विभाग की संचालक श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा ने सरदार वल्लभ भाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम रायपुर में खेल किट वितरित किए। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश फुटबॉल संघ के उपाध्यक्ष सह रायपुर जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष मुश्ताक अली प्रधान खिलाड़ियों के साथ उपस्थित थे। इस राज्य लीग चैम्पियनशिप में क्वालिफाई करने वाली टीम भारतीय महिला लीग चैम्पियनशिप में भाग लेंगी।

राज्य विमेन फुटबॉल लीग चैम्पियनशिप में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के बालिका फुटबॉल अकादमी रायपुर की 50 बालिका खिलाड़ियों का भी चयन हुआ है। श्रीमती सिन्हा ने सभी बालिका खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन करते हुए लीग चैम्पियनशिप में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं भी दीं। इस अवसर पर खेल विभाग की वरिष्ठ फुटबॉल प्रशिक्षक सरिता कुजूर टोप्पो, सहायक प्रशिक्षक कुमारी सरिता यादव, टी.एन. रेड्डी भी उपस्थित थे।

### छत्तीसगढ़ राज्य सड़क व पुल-पुलियां निर्माण गुणवत्ता में श्रेष्ठ

**रायपुर।** केंद्रीय एजेंसी राष्ट्रीय ग्रामीण विकास अभिकरण द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत देश के विभिन्न राज्यों में निर्माणाधीन सड़कों और पुल-पुलियों की गुणवत्ता जांच की रिपोर्ट जारी की गई है, जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत प्रदेश के विभिन्न जिलों में निर्माणाधीन सड़कों व पुल-पुलियों की जांच व परीक्षण पर गुणवत्तापूर्ण और बेहतर स्थिति में पाया गया। गुणवत्ता समीक्षकों ने गुणवत्तापूर्ण सड़क एवं पुल-पुलियों के निर्माण के लिए छत्तीसगढ़ सरकार की सराहना की है।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षकों द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत माह सितंबर में छत्तीसगढ़ के 41 सड़कों और पुल-पुलियों का परीक्षण किए थे। परीक्षण में सड़कों और पुल निर्माण गुणवत्तापूर्वक पाया गया था। गुणवत्ता समीक्षकों ने राज्य के 19 पूर्ण हो चुके कार्य, 10 निर्माणाधीन कार्य, 06 मरम्मत का कार्य और 06 पुल का परीक्षण किया था।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत माह सितंबर में किए गए जांच एवं परीक्षण में गुणवत्ताहीन शून्य प्रतिशत है। योजना के तहत राष्ट्रीय ग्रामीण विकास अभिकरण नई दिल्ली द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख को छोड़ दे तो अन्य राज्यों में निर्माणाधीन सड़कों एवं पुल-पुलियों के निर्माण गुणवत्ता में कमी पाई गई है।

### मुख्यमंत्री ने मुंशी प्रेमचंद की पुण्यतिथि पर उन्हें किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 8 अक्टूबर को कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया है। उन्होंने मुंशी प्रेमचंद के साहित्य में योगदान को याद करते हुए कहा कि प्रेमचंद एक संवेदनशील लेखक थे जिन्होंने सरल, सहज और आम बोल-चाल की भाषा का उपयोग किया और अपने प्रगतिशील विचारों की अमूल्य विरासत छोड़ गए। उन्होंने अपने साहित्य में ग्रामीण जनजीवन में व्याप्त विषमताओं का यथार्थ वर्णन किया। उनकी रचनाओं में सांप्रदायिकता, भ्रष्टाचार, गरीबी, उपनिवेशवाद पर कठोरता से प्रहार किया है। मुंशी प्रेमचंद की रचनाएं आज भी आम व्यक्ति की आवाज को मुखरता देती हैं।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# जूनियर एनटीआर की देवरा दो भागों में होगी रिलीज, सैफ अली खान और जाह्नवी भी दिखेंगी



जूनियर एनटीआर पिछले लंबे समय से अपनी आगामी फिल्म देवरा को लेकर चर्चा में हैं इसमें सैफ अली खान और जाह्नवी कपूर भी अहम भूमिकाओं में हैं। इसका निर्देशन कोराताला शिवा कर रहे हैं। ताजा खबर यह है कि एनटीआर की देवरा एक नहीं, बल्कि दो भागों में रिलीज होगी। फिल्म का पहला भाग 5 अप्रैल, 2024 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में दस्तक देगा। हालांकि, फिल्म के दूसरे पार्ट की रिलीज से जुड़ी कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

कोराताला ने अपने एक्स पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमें वह दर्शकों को यह जानकारी देते हुए नजर आ रहे हैं कि देवरा दो भागों में रिलीज होगी और फिल्म का पहला भाग अगले साल 5 अप्रैल को रिलीज किया जाएगा। देवरा के जरिए जाह्नवी अपना तेलुगू डेब्यू करने वाली हैं और उन्होंने फिल्म के कुछ हिस्से की शूटिंग भी कर ली है। यह एक पैन इंडिया फिल्म है, जो तेलुगु समेत तमिल, मलयालम और हिंदी में रिलीज होगी।

अपने संदेश को समाप्त करते हुए उन्होंने कहा, इसलिए, हमने इस बड़ी कहानी और कैनवास को दो भागों में बताने का निर्णय लिया। कहानी आकार में नहीं बदलेगी, लेकिन बड़े पैमाने पर विकसित होगी। देवरा अब तक के सबसे बड़े कैनवासों में से एक होगा। देवरा को अत्यधिक भव्यता और विशाल विश्व निर्माण के साथ एक विशाल तमाशा माना गया है जो बहुत सारी विद्या और चरित्र विकास से भरा है। देवरा के संबंध में अधिकांश विवरण गुप्त हैं और एनटीआर जूनियर की अपनी भूमिका पर सवाल है कि क्या वह नायक हैं या विरोधी नायक हैं। फिल्म में जान्हवी कपूर, सैफ अली खान, शाइन टॉम चाको, मेरा श्रीकांत और प्रकाश राज भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्म का निर्माण युवासुधा आर्ट्स और एनटीआर आर्ट्स द्वारा किया गया है, और नंदमुरी कल्याण राम द्वारा प्रस्तुत किया गया है। फिल्म का संगीत अनिरुद्ध रविचंदर ने दिया है और आर रत्नावेलु छायाकार हैं।

# वर्कआउट करने से पहले चाय पीना सही है? हेल्थ एक्सपर्ट ने बताया कब पीना चाहिए...

भारत में शायद ही कुछ लोग ऐसे हैं जो चाय नहीं पीते हैं। नहीं तो ज्यादातर लोग अपनी दिन की शुरुआत चाय के साथ ही करते हैं। जब तक पूरे दिन में कम से कम 3-4 कप चाय न पिएं तो उनकी दिन अच्छी बितती ही नहीं है। भारत में खुशी हो या गम लोग चाय जरूर पीते हैं। आज हम बात करेंगे चाय पीने के बाद क्या वर्कआउट करना सही है?



रिपोर्ट के मुताबिक जो लोग अपनी दिन की शुरुआत चाय के साथ करते हैं। उनके मन में अक्सर यह सवाल उठता है कि क्या चाय पीने के बाद वर्कआउट कर सकते हैं? इसी सवाल का जवाब देते हुए डॉक्टर श्रेया शर्मा कहते हैं कि चाय पीने के लगभग 1 घंटे बाद आप वर्कआउट करेंगे तो इससे कोई परेशानी नहीं होगी। वहीं आप ज्यादा से ज्यादा फिट रहना चाहते हैं तो वर्कआउट से पहले चाय न पिएं बल्कि कुछ हेल्दी खाएं ताकि इसका असर आपके शरीर पर दिखाई दे। वर्कआउट से पहले हेल्दी खाने से हमारा यहां तात्पर्य है सेब, केला, अनार और चीकू खाएं। इसके अलावा वर्कआउट से एक घंटा या आधे घंटे पहले खूब पानी पिए। आप पानी की जगह नारियल पानी भी पी सकते हैं। सुबह के समय नारियल पानी पीने से सेहत पर काफी अच्छा असर होता है।

### वर्कआउट से पहले कौन सी चाय पी सकते हैं?

अगर आप चाय के शौकीन हैं तो वर्कआउट से पहले दूध वाली चाय न पिकर कोई हेल्दी ड्रिंक या हर्बल टी पिएं।

### ग्रीन टी

वर्कआउट करने से एक घंटा पहले आप ग्रीन टी पी सकते हैं। ग्रीन टी में एंटी-ऑक्सीडेंट्स होते हैं जो मेटाबॉलिज्म को अच्छा बनाती है। अगर आप वजन कम करने के लिए वर्कआउट कर रहे हैं तो ग्रीन टी बेहतर है इसे आप शामिल कर सकते हैं।

### ब्लैक टी

वर्कआउट से पहले दूध वाली चाय के बदले आप ब्लैक टी पी सकते हैं। आप एक बात का जरूर ख्याल रखें कि ब्लैक टी में चीनी का इस्तेमाल न करें। बिना चीनी के ब्लैक टी आपको हाइड्रेट रखेगी। और वर्कआउट के दौरान आपको एनर्जेटिक रखेगी। ब्लैक टी में आप नींबू का इस्तेमाल भी कर सकते हैं।

### कैमोमाइल टी

कैमोमाइल फ्लावर से बनी टी भी आपके सेहत के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद होता है। बाजार में आपको आसानी से सूखे हुए कैमोमाइल के फूल मिल जाएंगे। जिनसे आप आसानी से घर में चाय बना सकते हैं। कैमोमाइल टी एंटी-ऑक्सीडेंट्स से भरपूर होता है। जिसका शरीर पर अच्छा असर पड़ता है। आप वर्कआउट से पहले कैमोमाइल की चाय भी पी सकते हैं।



# 22 की उम्र में पलक तिवारी ने शेयर किया सेक्सी लुक, साइड कट ड्रेस पहन दिए बेहद बोल्ड पोज

किसी का भाई किसी की जान से बॉलीवुड इंडस्ट्री में डेब्यू करने वाली एक्ट्रेस पलक तिवारी आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर आते ही तेजी से ट्रेंड करने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस पलक ने अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरों से इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है। इन तस्वीरों में उनकी सिजलिंग अदाएं देखकर फैंस का दिल तेजी से धड़कने लगा है। एक्ट्रेस पलक तिवारी ने महज 22 साल की उम्र में इंडस्ट्री में अपनी अच्छी-खासी पहचान बना ली है। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर पोस्ट होते ही इंटरनेट पर तबाही मचाने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस पलक तिवारी ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट कर फैंस के होश उड़ा दिए हैं। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं पलक तिवारी ने ब्लू कलर का थाई हाई स्लिट आउटफिट पहना हुआ है। एक्ट्रेस ने अपने लुक को ओर भी ज्यादा खूबसूरती से निखारने के लिए न्यूड शिमरी लिप्स और न्यूड स्मोकी आई मेकअप किया हुआ है। पलक तिवारी अपने इस लुक में बेहद ही सिजलिंग और हॉट नजर आ रही हैं। साथ ही फैंस उनके लुक्स की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो उनका हर एक लुक फैंस के बीच ट्रेंड करने लगता है। पलक तिवारी अपने प्रोजेक्ट्स से ज्यादा स्टाइल और ग्लैमरस अदाओं को लेकर चर्चाओं में रहती हैं।

# क्या सच में मैकरोनी खाकर भी घटाया जा सकता है वजन? जानें डाइटिशियन क्या देते हैं लॉजिक



जो खाना सेहत के लिए अच्छा होता है वह, बहुत ही ज्यादा स्वादिष्ट होता है। लेकिन हर स्वादिष्ट खाना सेहत के लिए अच्छा हो यह संभव नहीं है। यही बात मैकरोनी जैसे प्रोसेस्ड फूड पर भी लागू होता है। क्या आपने कभी सोचा है कि वजन घटाने के लिए मैकोरनी जैसे प्रोसेस्ड फूड खाना सेहत के लिए ठीक है?

रिपोर्ट के मुताबिक पोषण विशेषज्ञ मिशा अरोड़ा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर मैकरोनी के गजब के फायदे के बारे में जिक्र किया है। मैकरोनी ज्यादातर लोगों को इसलिए पसंद होता है क्योंकि इसे खाना बेहद आरामदायक है। लेकिन आज आपको बताएंगे यह सॉफ्ट सी मैकरोनी देखने में ही नहीं बल्कि पोषण संबंधी लाभों का खजाना है। जो आपको हैरान कर सकती है। कार्बोहाइड्रेट प्रोफाइल से लेकर इसमें कम फैट होता है जो आपको पूरे दिन एनर्जेटिक रखती है। यह पास्ता पावरहाउस सिर्फ एक स्वादिष्ट खाना ही नहीं बल्कि इससे भी कही ज्यादा है।

### दिल की बीमारी और कोलेस्ट्रॉल को भी कंट्रोल में रखता है

यह विटामिन बी और आयरन जैसे आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर है। यह पाचन शक्ति को बढ़ाता है। इसके साथ-साथ इसमें कई सारे पौष्टिक चीजे हैं तो इसे पोषक तत्वों का खजाना बनाता है। यह कई तरह की बीमारियों को भी कंट्रोल में रखता है। यह भूख की कमी और डायबिटीज की रोकथाम से लेकर कोलेस्ट्रॉल को कम करता है और दिल की बीमारी से भी बचाता है।

### क्या ये दावे सच हैं?

जब तक आप कैलोरी की कमी वाले डाइट पर हैं। जिसका अर्थ है कि आपकी खपत की गई कैलोरी आपके द्वारा खर्च की जाने वाली कैलोरी से कम है। तो निश्चित रूप से आपके शरीर की फैट घटेगी। इसलिए, यदि आप कभी-कभार पास्ता या मैकरोनी का स्वाद लेना चाहते हैं, तो आप अपने डाइट में कुल कैलोरी की कमी को बनाए रखने के लिए ऐसा कर सकते हैं। वजन घटाने वाले डाइट में मैकरोनी को शामिल किया जा सकता है, लेकिन ऐसा सोच-समझकर और संतुलित तरीके से करना महत्वपूर्ण है।


### तैयारी मायने रखती है

आप किस तरह से मैकरोनी तैयार करते हैं यह बहुत मायने रखती है। मैकरोनी मूल रूप से ड्यूरम गेहूं से बनाई जाती है। जो इसके एक स्वस्थ विकल्प होने का मुख्य कारण है। लेकिन हम यह भूल जाते हैं कि हम मैकरोनी को बहुत सारे सॉस के साथ बनाते हैं या मक्खन में पकाते हैं। यहीं पर यह अस्वस्थ हो जाता है।

### इस तरह के मैकरोनी का चुनाव करें

मैकरोनी चुनते समय, सूजी (सूजी) या मैदा (परिष्कृत गेहूं का आटा) के बजाय हमेशा साबुत गेहूं से बनी मैकरोनी खरीदें। गोयल के अनुसार यदि आप साबुत गेहूं से बनी मैकरोनी चुनते हैं, तो खाने के बाद आप निश्चित रूप से भारी महसूस करेंगे और इससे आपकी भूख कम हो जाएगी क्योंकि साबुत गेहूं में मौजूद जटिल कार्बोहाइड्रेट आपको काफी मात्रा में फाइबर देंगे।

# अपने खाली समय में फ्रेंड्स देखती हैं अभिनेत्री मंजरी फडनीस



फिल्म जाने तू... या जाने ना में अपने अभिनय के लिए मशहूर अभिनेत्री मंजरी फडनीस ने बताया कि उन्हें हल्के-फुल्के कंटेंट देखना पसंद है और उन्होंने खुलासा किया कि जब वह तनावग्रस्त होती हैं और आराम करना चाहती हैं तो अमेरिकी टीवी सिटकॉम फ्रेंड्स देखती हैं। फ्रेंड्स डेविड क्रेन और मार्टा कॉफ मैन द्वारा बनाया गया है। इसमें जेनिफर एनिस्टन, कॉर्टनी कॉक्स, लिसा कुड्रो, मैट लेब्लांक, मैथ्यू पेरी और डेविड श्विमर हैं। यह शो 20 और 30 साल के छह दोस्तों के इर्द-गिर्द घूमता है जो न्यूयॉर्क शहर के मैनहट्टन में रहते हैं। अभिनेत्री मंजरी को पहली बार 2003 में गायन रियलिटी शो पॉपस्टार के भारतीय संस्करण के दूसरे सीजन के दौरान देखा गया था। मंजरी ने बताया कि वह ओटीटी पर किस तरह का कंटेंट देखना पसंद करती हैं।

उन्होंने बताया, मेरे पास कोरियाई नाटकों की एक सूची है जो मैंने अभी तक नहीं देखी है, क्योंकि अभी भारतीय कंटेंट काफी आ रहा है, इसलिए मुझे पहले उसे देखना होगा। उन्होंने कहा कि मुझे कॉमेडी पसंद है। फ्रेंड्स और द गुड प्लेस मेरे पसंदीदा शो है। जब भी संभव होता है मैं इन हल्की-फुल्की चीजों को देखना पसंद करती हूं। फिल्म और ओटीटी के लिए भूमिका तय करने पर मंजरी ने कहा, मेरा मकसद चरित्र के लिए एक आंतरिक दुनिया बनाना है। कुछ भूमिकाएं शुद्ध मनोरंजन के लिए होती हैं। ऐसी भूमिकाओं में आपको बस स्क्रीन पर खुद का आनंद लेना है और दर्शक आपके साथ आनंद लेंगे, क्योंकि कैमरा सेट की सारी ऊर्जा को पकड़ रहा होगा। उन्होंने आगे कहा, लेकिन गंभीर भूमिकाओं के लिए आपको चरित्र को गहराई से समझना होगा, और वह सभी काम करने होंगे जो आवश्यक है। मैं जिन परियोजनाओं को चुनती हूं और जिस तरह का काम करना चाहती हूं, उसके बारे में मैं अधिक सहज हूं। कुछ ऐसा जो वास्तव में मुझे बहुत अधिक आकर्षित करता है। हाल ही में मंजरी को नीरज पांडे द्वारा निर्मित और लिखित दिलचस्प थ्रिलर सीरीज द फ्रीलांसर में देखा गया था, जिसमें वह मृणाल कामथ की भूमिका निभा रही हैं। शो में मोहित रैना, अनुपम खेर, कश्मीरा परदेशी और नवनीत मलिक भी हैं। यह डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीमिंग हो रहा है।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

केबिनेट मंत्री अकबर ने कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में 1 करोड़ 28 लाख 04 हजार रूपए की लागत से 16 विभिन्न निर्माण कार्यो का भूमिपूजन किया

# विकसित जिला के रूप में आगे बढ़ रहा है कबीरधाम : मंत्री अकबर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कवर्धा। प्रदेश के वन, परिवहन, आवास एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री और कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर ने आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के समुचित विकास के लिए 1 करोड़ 28 लाख 04 हजार रूपए की लागत से 16 विभिन्न निर्माण कार्यो का विधिवत भूमिपूजन किया। भूमिपूजन कार्यो में नवीन प्राथमिक शाला भवन, सामुदायिक भवन निर्माण, प्राथमिक शाला भवन निर्माण, बाउन्ड्रीवाल निर्माण, पचरी निर्माण, सांस्कृतिक मंच निर्माण, और मंगल भवन निर्माण कार्य शामिल है।**



कैबिनेट मंत्री अकबर ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश का चहुमुखी विकास हो रहा है। गाँव-गाँव में लोकार्पण और भूमिपूजन के साथ छोटे-बड़े कार्यों के माध्यम से आमनागरिकों को सुविधाएं पहुचाने का काम किया जा रहा है।

केबिनेट मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर ने कहा कि हमारी सरकार ने नवा छत्तीसगढ़ गढ़ने का संकल्प लिया है और इस दिशा में आगे बढ़ते हुए जिले के विकास को प्राथमिकता में रखते हुए निर्माण कार्य कराए। उन्होंने कहा कि जिले के दूरस्थ अंचलों में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य की दिशा में काम करते हुए अनेक परिवर्तन लाए। अंग्रेजी माध्यम स्कूलों के साथ शिक्षा की गुणवत्ता, शिक्षकों की भर्ती, जर्जर स्कूलों का कायाकल्प, अस्पताल में जाँच सुविधाओं को बढ़ाने, गरीबों के उपचार को आसान बनाने का काम भी किया जा रहा है। आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ग्रामीण औद्योगिक पार्क, सी-मार्ट भी संचालित कर नई दिशा में कदम बढ़ाया गया। मंत्री श्री अकबर ने कहा कि कबीरधाम जिले को विकास की राह में लगातार आगे बढ़ा रहे है। आज 1 करोड़ 28 लाख 04 हजार रूपए की लागत से 16 विभिन्न निर्माण कार्यो का विधिवत भूमिपूजन किया गया है, इससे कबीरधाम जिले को एक नया आयाम मिलेगा। केबिनेट मंत्री अकबर द्वारा भूमिपूजन कार्यक्रम में कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के लिए 1 करोड़ 28 लाख 04 हजार रुपए के 16 विकास कार्यो का भूमिपूजन किया। इन विकास कार्यो में 20.30-20.30 लाख रूपए की लागत से ग्राम झिरना, अमरौड़ी, सिली में प्राथमिक शाला भवन निर्माण, 8.07-8.07 लाख रूपए की लागत से ग्राम सेवईकछार, बकदा में प्राथमिक शाला में अतिरिक्त कक्ष निर्माण, 05-05 लाख रूपए की लागत से ग्राम लाटा में सार्वजनिक सामुदायिक भवन, प्रभाटोला में शमशान घाट में बाउन्ड्रीवाल निर्माण, लोहझरी में पचरी निर्माण, अचानकपुर, भंण्डार में सामुदायिक भवन निर्माण, बिसनपुरा में मंगल भवन निर्माण, सेवाईकछार में सार्वजनिक सामुदायिक भवन निर्माण, 10 लाख रूपए की लागत से ग्राम झिरना में सामुदायिक भवन निर्माण, 02-02 लाख रूपए की लागत से ग्राम प्रभाटोला में मंच निर्माण, सारंगपुर में सांस्कृतिक मंच निर्माण और ग्राम बिसनपुरा में मंच निर्माण कार्यो का विधिवत भूमिपूजन किया। इस अवसर पर राज्य क्रेडा सदस्य कन्हैया अग्रवाल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि होरी साहू, नपा अध्यक्ष ऋषि शर्मा, जिला कृषि उपज मंडी अध्यक्ष श्री नीलकंठ साहू, उपाध्यक्ष चोवाराम साहू, राजकुमार तिवारी, विरेन्द्र जांगड़े, सहित संबधित ग्राम पंचायत के पंच, सरपंच उपस्थित थे।

# धान खरीदी के लिये केन्द्र सरकार एक भी रू. नहीं देती हैः दीपक बैज

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि धान खरीदी के लिये केन्द्र सरकार एक रू. भी नहीं देती है। भाजपा लगातार झूठ बोलकर जबरिया श्रेय लेने की कोशिश में है मोदी और साव कितना भी झूठ बोल ले इससे सच्चाई नहीं बदलने वाली मोदी सरकार धान खरीदी में सिर्फ अडंगे बाजी ही लगाती है कोई सहयोग नहीं करती है। हकीकत यह है कि छत्तीसगढ़ में धान कांग्रेस सरकार अपने खुद के दम पर खरीदती है, धान खरीदने में केन्द्र सरकार का एक पैसे का भी योगदान नहीं है। राज्य सरकार धान खरीदी मार्कफेड के माध्यम से करती है इसके लिये मार्कफेड विभिन्न वित्तीय संस्थाओं से ऋण लेती है तथा इस ऋण के लिये बैंक गारंटी राज्य सरकार देती है तथा धान खरीदी में जो घाटा होता है उसको भी राज्य सरकार वहन करती है पिछले वर्ष मार्कफेड ने लगभग 35000 करोड़ का ऋण धान खरीदी के लिये लिया था।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि मोदी सरकार तो घोषित समर्थन मूल्य से 1 रूपये भी ज्यादा कीमत देने पर राज्य सरकार को धमकाती है की वह राज्य से केन्द्रीय योजनओं के लिये लगने वाला चावल नही खरीदेंगे। अकेली छत्तीसगढ़ सरकार है जो अपने धान उत्पादक किसानों को देश में सबसे ज्यादा कीमत देती है। छत्तीसगढ़ के किसानों को पिछले वर्ष धान की कीमत 2640 मिली, उत्तर प्रदेश, गुजरात, जैसे राज्यों में तो किसानों को धान का मूल्य 1100 रूपये मिलता है। छत्तीसगढ़ देश का अकेला ऐसा राज्य है जहां किसानों को प्रति एकड़ धान पर 9,000 रूपये तथा अन्य फसल पर 10,000 रूपये की इनपुट सब्सिडी मिलती है। कांग्रेस सरकार में चालू खरीफ सीजन में 20 क्विंटल धान की खरीदी 2800 रू. की दर पर की जायेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि आदतन किसान विरोधी भारतीय जनता पार्टी और केन्द्र की मोदी सरकार एक बार फिर से छत्तीसगढ़ में धान खरीदी को बाधित करने अडंगे डाल रही है। सीधे तौर पर धान खरीदी में केन्द्र का कोई योगदान नहीं होता। लेकिन केन्द्रीय पुल में चावल खरीदी में कटौती करके एक बार फिर से छत्तीसगढ़ के किसानो से बदला ले रही है। विगत 31 अगस्त को छत्तीसगढ़ से केन्द्रीय पुल में 86 लाख 50 हजार मीट्रिक टन चावल खरीदने का वादा केन्द्र की मोदी सरकार ने किया था, इसे अब घटाकर 61 लाख मीट्रिक टन कर दिया है। पहले भी वर्ष 2020-21 में इसी तरह छत्तीसगढ़ के भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के बरगलाने पर केन्द्र की मोदी सरकार ने केन्द्रीय पुल में 60 लाख मीट्रिक टन चावल खरीदी के लक्ष्य को घटाकर 24 लाख मीट्रिक टन कर दिया था। भाजपा कुछ भी कर ले छत्तीसगढ़ के किसानों का दाना-दाना धान की खरीदी होगी।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि भाजपा की कथनी, करनी का अंतर हमेशा से अलग रही। छत्तीसगढ़ में सरकार में रहते भाजपा ने वायदा किया कि धान का 2100 रूपये समर्थन मूल्य देंगे, नहीं दिया। 5 साल तक 300 रूपये बोनस देंगे, 5 साल नही दिया।

## खास खबर

### मुख्यमंत्री से छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल अभियंता संघ ने की सौजन्य मुलाकात

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से आज यहां उनके निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल अभियंता संघ के अधिकारी-कर्मचारियों ने मुलाकात कर राज्य पॉवर कंपनियों के कर्मियों के लिए पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की घोषणा पर धन्यवाद ज्ञापित किया। मुख्यमंत्री श्री बघेल से चर्चा के दौरान अभियंता संघ के अध्यक्ष राजेश पांडेय ने कहा कि इस ऐतिहासिक घोषणा से विद्युतकर्मी खुश हैं और अब उन्हें राज्य के अन्य शासकीय कर्मचारियों की तरह पुरानी पेंशन योजना का लाभ मिलेगा। इस मौके पर संघ के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री श्री बघेल को स्मृति चिन्ह भेंटकर आभार जताया। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 6 अक्टूबर को कांकेर जिले में आयोजित नगरीय निकाय एवं पंचायती राज महासम्मेलन में छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनियों में एक अप्रैल 2004 और इसके उपरांत नियुक्त कर्मियों के लिए नवीन अंशदायी पेंशन योजना के स्थान पर पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की घोषणा की थी। इससे राज्य के विद्युत कंपनियों में कार्यरत लगभग 10 हजार अधिकारी-कर्मचारियों को इसका लाभ मिलेगा।

### पंडित रविशंकर शुक्ल नगर के सड़क के कार्य को यथाशीघ्र पूरा करें-महापौर

**कोरबा।** महापौर राजकिशोर प्रसाद ने रविशंकर नगर जोन क्षेत्रातर्गत वार्ड क्र. 23 में किए जा रहे सड़क डामरीकरण कार्य का वर्षा ऋतु के बाद पुनः शुभारंभ कराया। इस कार्य का भूमिपूजन लगभग 05 माह पूर्व में राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के मुख्य अतिथ्य एवं सांसद ज्योत्सना महंत के गेस्ट आफ आनर हुआ था, इस कार्य के भूमिपूजन हो जाने के बाद इसमें डी.एस.पी., डब्ल्यू.एम.एम. का कार्य करने के साथ ही अन्य प्रकार के कार्य किये गये थे, लेकिन बारिश होने की वजह से कार्य को बीच में ही रोक दिया गया था, अब वर्षा ऋतु के थम जाने पर यह कार्य पुनः प्रारंभ किया गया है। इस मौके पर उन्होने पूरी गुणवत्ता के साथ डामरीकरण कार्य करते हुए समयसीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश अधिकारियों व निर्माण एजेंसी को दिए। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड क्र. 23 के अंतर्गत रविशंकर शुक्ल नगर चौक से दादर चौक तक सड़क डामरीकरण का कार्य कराया जा रहा है। इस मौके पर महापौर प्रसाद ने कहा कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री जयसिंह अग्रवाल के लगातार प्रयासों से कोरबा शहर तथा निगम के उपनगरीय क्षेत्रों के साथ-साथ कोरबा जिले की सड़कों का कायाकल्प किया गया है। उन्होने कहा कि कोरबा शहर के सभी प्रमुख मार्गो व आवासीय तथा व्यवसायिक क्षेत्रों की सडकों के डामरीकरण, सड़कों का नवीनीकरण व जीर्णोद्धार के कार्य व्यापक पैमाने पर किए गए हैं, जो अभी निरंतर जारी हैं। आमनागरिकों को मूलभूत सुविधाओं की निरंतर उपलब्धता की दिशा में व्यापक पैमाने पर कार्य हुए हैं, सड़कों के साथ-साथ पानी, बिजली, स्ट्रीट लाईट सहित अन्य मौलिक सुविधाओं की सहज उपलब्धता यहाँ के नागरिकों को सुगम रूप से प्राप्त हो रही है।

छत्तीसगढ़ में विज्ञान के लोकव्यापीकरण योजना के तहत पाटन के मर्रा में तैयार किया गया है साइंस पार्क

# साइंस पार्क एवं साइंस म्यूजियमः विद्यार्थी खेल-खेल में सीखेंगे विज्ञान के कठिन सिद्धांत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। विद्यार्थियों को खेल-खेल में ही विज्ञान के कठिन सिद्धांतो को समझाने के लिए पाटन के ग्राम मर्रा साइंस पार्क एवं साइंस म्यूजियम तैयार किया गया है। साईस पार्क में आउटडोर एवं इनडोर साइंस विज्ञान प्रादर्श लगाये गये हैं। 10 हजार वर्गफीट में बने आउटडोर साइंस पार्क में 29 विज्ञान प्रादर्श तथा 2 हजार 500 वर्गफीट में स्थापित इनडोर साईस म्यूजियम में 32 विज्ञान प्रादर्श स्थापित किए गए हैं।**



यह साइंस पार्क छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के विज्ञान लोकव्यापीकरण योजना के तहत तैयार किया गया है। यह साइंस पार्क बी. एम. बिरला साईंस सेंटर, बिरला आर्कियोलॉजिकल एवं कल्चरल रिसर्च इन्स्टीट्यूट प्रभाग हैदराबाद के सहयोग से किया गया है।

साइंस पार्क में माध्यमिक से लेकर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के पाठ्यक्रम अनुसार विज्ञान के विभिन्न सिद्धांतों पर अधारित प्रादर्श लगाये गये है, जिसमें ब्रिज प्रिन्सिपल को प्रदर्शित करने हेतु ब्रिज प्रादर्श, एंगुलर मुमेन्टम को प्रदर्शित करने हेतु ब्लैकहोल, आर्किमिडीज पेंच के सिद्धांत पर आर्किमिडीज स्क्रू पुली प्रिन्सिपल के सिद्धांत पर लिफ्ट योर सेल्फ एवं साउंडवेव्स को प्रदर्शित करने हेतु जाइलो फोन, चंद्रयान, डायनासोर आदि प्रादर्श सम्मिलित है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने विगत 06 अक्टूबर को पाटन में आयोजित विभिन्न विकास कार्यो के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में इस नवनिर्मित साइंस पार्क एवं साइंस म्यूजियम का लोकार्पण किया था।

राज्य के विद्यालयों में साइंस पार्क की स्थापना का मुख्य उद्देश्य राज्य में विज्ञान का व्यापक प्रचार-प्रसार करना एवं विद्यालयीन छात्र-छात्राओं को खेल-खेल में आसानी से विज्ञान प्रादर्शों के माध्यम से विज्ञान के सिद्धांतों को समझाना है। इसके साथ ही विदयार्थियों में दैनिक जीवन में उपयोगी वैज्ञानिक तथ्यों को समझने, वैज्ञानिक खोज तथा विश्लेषणात्मक सोच उत्पन्न करने, रचनात्मक प्रतिभा तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना भी है।

छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, रीजनल साइंस सेंटर के महानिदेशक एस. एस. बजाज, कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा, बी.एम. बिड़ला विज्ञान केंद्र, हैदराबाद के आर सुब्रमण्यन एवं अन्य अतिथिगणों सहित 600 छात्रों ने उद्घाटन अवसर पर साइंस पार्क का अवलोकन किया।

# जिले के सात विकास खण्ड में 60 मास्टर ट्रेनर दे रहे निर्वाचन ट्रेनिंग

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में आगामी विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर विभिन्न विकास खण्ड में मास्टर ट्रेनर्स के माध्यम से निर्वाचन प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं। गत दिवस आयोजित मास्टर ट्रेनर्स के ट्रेनिंग में कलेक्टर श्री सिन्हा ने कहा था कि अच्छे प्रशिक्षण से निर्वाचन का कार्य बेहतर होगा। उन्होंने सभी अधिकारियों को अच्छे से प्रशिक्षित करने हेतु मास्टर ट्रेनर्स को निर्देश दिए थे।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव पाण्डेय एवं जिला मास्टर ट्रेनर श्री राजेश डेनियल द्वारा मास्टर ट्रेनर्स को ट्रेनिंग दिया गया था। जिसके पश्चात मास्टर ट्रेनर्स को विकासखंडो में निर्वाचन में संलग्न पीठासीन अधिकारी, मतदान दल क्रमांक 1, 2, 3 को ट्रेनिंग देने के लिए भेजा गया हैं। जहां इन अधिकारियों को ईवीएम, वीवीपैट मशीनों के संचालन, विभिन्न गतिविधियों, बरती जानी वाली सावधानियों के बारे में प्रशिक्षित किया जा रहा हैं। इसके साथ ही मशीनों में टैग लगाने, संचालन करने, चालू-बंद करने, मॉक पोल, वास्तविक मतदान कराने आदि सभी पहलुओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी जा रही हैं।

प्रशिक्षण में ईव्हीएम मशीन के संचालन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी जा रही हैं। मास्टर ट्रेनर पीठासीन अधिकारी, मतदान दल क्रमांक 1, 2, 3 को ईव्हीएम मशीन के संचालन प्रक्रिया का डेमो के जरिए संचालित करके दिखाने तथा अधिकारियों को इसे संचालन की प्रैक्टिस करवाया जा रहा हैं। इसके साथ ही सभी अधिकारियों को उनके जिम्मेदारियों के निर्वहन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी जा रही हैं।

कलेक्टर स्वयं पहुंचे प्रशिक्षण देखने, प्रशिक्षण में प्रभारी अधिकारियों को पर्याप्त समय देने के दिए निर्देश

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिन्हा ने प्रशिक्षण प्रभारी अधिकारी एवं एसडीएम तथा अन्य राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया है कि प्रशिक्षण बेहतर हो। इसके लिए उन्होंने सभी अधिकारियों को विभिन्न विकासखंडों में दिए जा रहे प्रशिक्षण स्थल में पर्याप्त समय देने को कहा है। इसी क्रम में गत दिवस कलेक्टर श्री सिन्हा स्थानीय नटवर इंग्लिश मीडियम स्कूल में चल रहे निर्वाचन प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पीठासीन अधिकारी, मतदान दल क्रमांक 1, 2, 3 के ट्रेनिंग कक्ष में पहुंचकर संलग्न अधिकारी एवं मतदान दल के दायित्वों एवं निर्वाचन प्रक्रिया के संबंध में जानकारी देते हुए प्रश्न पूछें थे, उन्होंने निर्वाचन कार्य को बेहतर करने के लिए अच्छे से ट्रेनिंग लेने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा था कि जितनी अच्छी ट्रेनिंग लेंगे तो उतना ही बेहतर और आसान होगा आगामी निर्वाचन कार्य। निर्वाचन से संबंधित किसी भी प्रकार की शंका होने होने पर तत्काल पूछ कर शंकाओं का समाधान करें जिससे मतदान प्रक्रिया के समय समस्या नहीं होगी।

# महंगाई पर मौन क्यों है भाजपा नेत्रियां -कांग्रेस

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता शिल्पा देवांगन ने कहा कि महंगाई पर भाजपा की नेत्रियां मौन क्यों है? महंगाई के खिलाफ गृहणियों की आवाज उठाने से क्यों डर रही है? 2014 के पहले महंगाई पर घड़ियाली आंसू बहाने वाली, आलू-प्याज की माला पहनने वाली नेत्रियां अब गायब है। 100 दिनों में महंगाई कम कर जनता को राहत देने की गारंटी देकर सत्ता में आने वाले मोदी सरकार की मुनाफाखोरी के नीति के चलते जनता आज महंगाई से परेशान हैं मोदी सरकार और पेट्रोलियम कंपनियां संगठित होकर जनता से पेट्रोल डीजल में मुनाफा कमा रही है। जनता महंगाई से बेहाल है।

मोदी सरकार खुद के मुनाफा और पेट्रोलियम कंपनियों को फायदा पहुंचाने के लिए क्रूड ऑयल की कीमत में 35 प्रतिशत की कमी का फायदा जनता को नहीं दे रही है।बीते 9 साल में मोदी सरकार ने पेट्रोल डीजल में भारी भरकम एक्साइज ड्यूटी लगाकर 30 लाख करोड़ रुपए गरीब जनता की जेब से निकाल लिया है और अब पेट्रोलियम कंपनियों को संरक्षण देकर उनके फायदा के लिए काम कर रही है। गरीब जनता महंगाई से कहरा रही है उनकी पीड़ा को केंद्र की सरकार अनसुना कर रही है।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता शिल्पा देवांगन ने मोदी सरकार से पूछा जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड आयल के दाम में 35 प्रतिशत तक की गिरावट आई है फिर देश के भीतर पेट्रोल डीजल की दरों में 35 प्रतिशत की कमी क्यों नहीं की गई? पेट्रोल डीजल के दामों में 35 प्रतिशत की कमी की जाती और एक्साइज ड्यूटी मनमोहन सरकार के दौरान की ली जाती तो देश की जनता को महंगाई से बड़ी राहत मिलता। आवश्यक वस्तुओं के दामों में भी 30 से 35 प्रतिशत की कमी आती।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता शिल्पा देवांगन ने कहा कि मोदी सरकार की गलत नीतियों के चलते सब्जी की कीमत में शत प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है दवाइयों के कीमत में 30 प्रतिशत किताब, कापी, स्टेशनरी, जूता, चप्पल के दाम में 20 प्रतिशत खाद्य तेल, दाल, शक्कर, कपड़ा, टोल टैक्स, ऑटो पार्ट्स, टायर, ट्यूब, आयल, ग्रीस, सौंदर्य प्रसाधन सहित सभी आवश्यक वस्तुओं के दाम में 2014 के मुकाबले 30 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता शिल्पा देवांगन ने कहा कि 2013 से 2023 के बीच में आटे के दाम में 46 प्रतिशत, आटा... कॉमन फ्लोर के दाम में 46 प्रतिशत वृद्धि हुई है। चावल 25 रुपए किलो बिकता था, अब 36 के ऊपर पहुंच गया है; दाल जो 72 की थी वो 160-170 के बीच की मिल रही है; सरसों का तेल 90 से दोगुना हो कर 185 पार कर चुका है और नमक। हमारे बस्तर की तरफ़ कहा जाता है कि भाजी-दाल न हो तो नून से खा लीजिए रोटी। तो वाकई में जो लोग मोदी को लाए थे और ये वादा किया था कि नमक-रोटी खाएंगे, उनको नमक के लिए भी मजबूर कर दिया है। नमक का दाम जो कभी 13 रुपए होता था, वो 20 के ऊपर है।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

# मुख्यमंत्री बघेल ने नवीन थाना भवन देवेन्द्र नगर और पुलिस सहायता केन्द्र धरमपुरा का किया लोकार्पण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजधानी स्थित अपने निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में राजधानी के देवेन्द्र नगर थाना के नये भवन तथा माना थाना क्षेत्र के धरमपुरा में पुलिस सहायता केन्द्र भवन का वर्चुअल रूप से लोकार्पण किया। इनमें देवेन्द्र नगर थाना के नये भवन का निर्माण 50 लाख रुपए की लागत तथा धरमपुरा में पुलिस सहायता केन्द्र का निर्माण 18 लाख रुपए की लागत से किया गया।

गौरतलब है कि राजधानी रायपुर की सुरक्षा अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए राज्य शासन द्वारा पिछले पांच वर्षों के दौरान निरंतर कदम उठाए गए हैं। इसी क्रम में आज देवेंद्रनगर थाने के नये भवन का लोकार्पण किया गया। साथ ही माना थाना क्षेत्र में धरमपुरा में पुलिस सहायता केंद्र भवन का भी उद्घाटन किया गया है।




राजधानी रायपुर की सुरक्षा व्यवस्था में देवेंद्रनगर थाना ने हमेशा महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाई है। शहर के अनेक महत्वपूर्ण क्षेत्र इस थाने के अंतर्गत आते हैं। यह व्यावसायिक क्षेत्र होने के साथ-साथ आवागमन की दृष्टि से भी काफी महत्वपूर्ण क्षेत्र है। दूसरे राज्यों के लोगों का भी इस क्षेत्र में आना-जाना बना रहता है। सभी समुदाय के लोग इस क्षेत्र में निवास करते हैं। इस तरह सुरक्षा- व्यवस्था की दृष्टि से यह शहर का काफी महत्वपूर्ण क्षेत्र है। देवेंद्रनगर थाने के लिए नये भवन की जरूरत काफी समय से महसूस की जा रही था। अब आधुनिक सुविधाओं वाले एक व्यवस्थित थाना भवन का निर्माण पूरा हो गया है।

इस अवसर पर वरिष्ठ विधायक सत्यनारायण शर्मा, राज्य हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा, पुलिस महानिरीक्षक रायपुर शहर रतनलाल डांगी, पुलिस अधीक्षक रायपुर प्रशांत अग्रवाल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## खास-खबर

### आधा दर्जन दोपहिया वाहन चोरी करने के दो आरोपित गिरफ्तार दुर्ग जिले से चुराए थे छह बाइक

**रायपुर ( ए )।** आधा दर्जन दोपहिया वाहन चोरी करने के दो आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दुर्ग जिले के अलग-अलग स्थानों से कुल छह दोपहिया वाहन चुराए थे। आरोपित लक्ष्मण बारले जो पूर्व में भी थाना खमतराई से 10 नग दोपहिया वाहन चोरी के प्रकरण में जेल जा चुका है। वहीं नुतेन साहू भी पूर्व में जेल निरुद्ध रह चुका है। चोरी के वाहनों के संबंध में दुर्ग पुलिस को जानकारी दे दी गई है।

रायपुर में दोपहिया वाहन चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए एंटी क्राइम एवं साइबर यूनिट की एक विशेष टीम का गठन किया गया है। वाहन चोरी के अज्ञात आरोपितों की पतासाजी कर पकड़ने के लिए भी लगाया गया है, जिस पर विशेष टीम और आमानाका पुलिस टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना आमानाका क्षेत्रांतर्गत सतनामी पारा टाटीबंध पास दो व्यक्ति दोपहिया वाहन बिक्री करने की फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहे है।

मुखबिर द्वारा बताए हुलिए के व्यक्तियों एवं वाहन को चिह्नांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्तियों ने अपना नाम लक्ष्मण बारले उर्फ दादू एवं नूतेन साहू उर्फ नितिन साहू निवासी रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा दोनों से वाहन के कागजात के संबंध में पूछताछ करने पर उनके द्वारा गोल-मोल जवाब देकर लगातार टीम को गुमराह करने का प्रयास करते हुए वाहन के संबंध में किसी प्रकार का कोई भी कागजात या दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा दोनों से कड़ाई से पूछताछ करने पर उनके द्वारा वाहन को चोरी का होना बताया गया। टीम के सदस्यों द्वारा चोरी की अन्य वाहनों के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर दोनो के द्वारा दुर्ग के अलग-अलग स्थानों से कुल छह नग दोपहिया वाहन चोरी कर रायपुर में छिपाकर रखना बताया गया है।

### अनियंत्रित होकर 20 फीट गहरी खाई में गिरी बाइक, एक की मौत और एक घायल

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में बड़ा हादसा हो गया है। यहां के बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत के चुइया मोड़ के पास एक अनियंत्रित बाइक 20 फीट गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में बाइक सवार शख्स की मौत हो गई। वहीं दूसरा सवार गंभीर रूप से घायल हो गया है। बाहर सवार दोनों पिता पुत्र बताए जा रहे हैं।

मिली जानकारी के अनुसार पिता पुत्र बाइक से शनिवार की शाम को कोरबा टीपी नगर गए हुए थे। यहां से वापस गांव कोसगाई लौट रहे थे कि इस दौरान हादसा हुआ है। बताया जा रहा है कि बाइक का ब्रेक कम था और पिता बाइक चला रहा था। चुइया मोड़ के पास बाइक में ब्रेक नहीं लगा और बाइक अनियंत्रित होकर नीचे खाई में जा गिरी। हादसे में पिता की मौत हो गई। वहीं पुत्र को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# एसयूवी ने पिकअप चालक को मारी टक्कर, मौके पर मौत, बालाघाट से ककड़ी लेकर जा रहा था रायपुर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नंदनी थाना अंतर्गत एक तेज रफ्तार एसयूवी के चालक ने पैदल जा रहे पिकअप चालक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि चालक 10 फिट हवा में उछला और काफी दूर जा गिरा। उसके साथियों ने उसे घायल हालत में नंदिनी अस्पताल पहुंचाया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

मृतक की पहचान नंद किशोर मसकरी पिता दुलीचंद मसकरी (25 साल) निवासी चिचोली जिला बालाघाट मध्य प्रदेश के रूप में हुई है। उसके साथ आए दिनेश मसकरी ने बताया कि उनके पास पिकअप वाहन MH 35 AJ 0793 है। वो लोग लांजी बालाघाट से ककड़ी लोड करके शुक्रवार रात को रायपुर के लिए निकले थे। रायपुर में ककड़ी अनलोड करके फिर से शनिवार सुबह 9 बजे बालाघाट के लिए निकले थे। नंद किशोर ने मुरमुंदा नंदनी के पास एक ढाबे में गाड़ी खाना खाने के लिए रोकी। उसने गाड़ी को सड़क के किनारे खड़ा कर दिया और अपने दोनों साथियों के साथ ढाबा चला गया। अचानक नंद किशोर को याद आया कि उसका मोबाइल गाड़ी में ही छूट गया है। वो मोबाइल लेने के लिए फिर से पिकअप की तरफजाने लगा। इसी दौरान एसयूवी वाहन CG 07 CH 9620 तेज रफ्तार में आई और उसे टक्कर मार दी। इससे नंद किशोर को काफी चोटें आईं।



नंद किशोर के साथ पिकअप में बैठकर उसका भाई दिनेश मसकरी और दोस्त अजय मेश्राम भी आए थे। दिनेश ने अपनी आखों के सामने देखा कि किस तरह एक कार ने उसके भाई को तेज रफ्तार में ठोकर मारी। इतना ही नहीं उसके भाई ने भाई के हाथों में दम तोड़ा। इस घटना के बाद भाई और दोस्त काफी सदमे हैं। उन्होंने नंदनी थाने में मामले की शिकायत दर्ज कराई है।

# सड़क हादसे में 2 की मौत 3 घायल: तेज रफ्तार बस ने महिला को कुचला, गढ्डे में गिरी बाइक

**रायपुर ( ए )।** छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों में दर्दनाक सड़क हादसे की खबरें आ रही है। जहां दो लोगों की मौत हो गई है जबकि 3 लोग घायल हुए हैं। पहली घटना गरियाबंद के राजिम की है। यहां साइकिल सवार महिला को तेज रफ्तार बस ने कुचल दिया, जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई है। दूसरी घटना कोरबा जिले की है। बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत चुइया मोड़ के पास तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर 20 फीट गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में बाइक सवार पिता की मौत हो गई है। वहीं बेटा घायल है। तो तीसरी घटना करतला थाना क्षेत्र में हुई है। जहां बाइक सवार दो लोग तालाब में जा गिरे। दोनों को बेहोशी की हालत में राहगीरों ने पड़े हुए देखा। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल, इन तीनों मामले में पुलिस कार्रवाई करने में जुटी हुई है।



### महिला को बस ने कुचला

तेज रफ्तार बस ने एक महिला को कुचला दिया, जिससे महिला की मौके पर मौत हो गई। ये घटना राजिम के प्रेम रतन मैरिज पैलेस के पास की है। बताया जा रहा है कि यात्री बस मां शारदा ट्रेवल्स गरियाबंद की ओर से आ रही थी। वहीं महिला सायकल में सवार होकर जा रही थी। तभी तेज रफ्तार बस ने महिला को अपने चपेट में ले लिया. मृतिका का नाम गायत्री साहू पथर्रा निवासी बताया जा रहा है।

### 20 फीट गहरी खाई में गिरी बाइक, एक की मौत

कोरबा के बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत के चुइया मोड़ के पास एक अनियंत्रित बाइक 20 फीट गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में बाइक सवार पिता की मौत हो गई और बेटा घायल है। घायल का अस्पताल में इलाज जारी है। मिली जानकारी के अनुसार, पिता फिरन गिरी गोस्वामी और पुत्र सुरेश कुमार कोसगाई गांव निवासी बाइक से शनिवार को टीपी नगर आए हुए थे। जिसके बाद वे वापस अपने गांव लौट रहे थे कि इस दौरान चुइया मोड़ के पास अनियंत्रित बाइक खाई में जा गिरी। हादसे में पिता की मौत हो गई और बेटा घायल हो गया। घायल बेटे को राहगीरों की मदद से निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। घटना की सूचना पर पहुंची बालको पुलिस जांच में जुट गई है।

### तालाब के गड्ढे में जा गिरी बाइक, दो घायल

कोरबा जिले में बाइक सवार दो ग्रामीण सड़क हादसे का शिकार हो गए है। करतला थाना इलाके के गेराव मुख्य मार्ग से जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक अनबैलेंस होकर सड़क किनारे तालाब के गड्ढे में जा गिरी। सड़क किनारे बेहोशी की हालत पड़े थे दोनों ग्रामीण को राहगीरों ने देखा जिसकी सूचना डीजल 112 को दी। घटना की सूचना पर पहुंची 112 की टीम ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया।

# स्कूल बस की चपेट में आने से चार वर्षीय छात्रा की मौत

## बस में छुटे चप्पल को लाने जा रही थी छात्रा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**धमतरी।** जिले के भखारा तहसील के ग्राम सिलौटी में सरस्वती शिशु मंदिर में चार वर्ष की मासूम बच्ची ख्याति साहू स्कूल प्रबंधन और बस चालक की लापरवाही के कारण स्कूल बस की चपेट में आकर पिछले चक्के में दब गई, जिससे उसकी मौत हो गई।




छात्रा बस से स्कूल पहुंची थी। कक्षा में जाने के बाद उसे याद आया कि चप्पल बस में ही भूल गई है, जिसे लेने वह कक्षा से निकलकर बस की तरफ आ रही थी, उसी समय दुर्घटना हो गई। जिला अस्पताल धमतरी की पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम तर्रागोंदी थाना भखारा निवासी योगेश साहू की पुत्री ख्याति साहू चार वर्ष ग्राम सिलौटी के सरस्वती शिशु मंदिर के कक्षा अरुण में पढ़ती थी।

योगेश ने पुलिस को बताया कि शनिवार की सुबह स्कूल बस में सवार होकर वह अपने स्कूल पहुंची थी। कक्षा में पहुंचने के बाद उसे याद आया कि वह अपना चप्पल स्कूल बस में भूल गई है, इसलिए वह चप्पल लेने के लिए बस की ओर जा रही थी। उस समय चालक बस को पीछे की तरफ मोड़ रहा था। बच्ची बस के पिछले चक्के की चपेट में आकर दब गई।

घटना के बाद स्कूल के आचार्य ने बच्ची के स्वजन को सूचना दी। घायल बच्ची को लेकर उसके स्वजन धमतरी के बठेना अस्पताल पहुंचे। यहां उपचार के दौरान कुछ समय में बच्ची ने दम तोड़ दिया। बस का चालक धनेश साहू ग्राम चुलगहन थाना रानीतराई जिला दुर्ग का निवासी है। जिला अस्पताल चौकी पुलिस ने शून्य में प्रकरण पंजीबद्ध किया है।

# युवक की हत्या करने वाले दो दोषियों को उम्रकैद की सजा, शराब में नशे की गोली मिलाकर की थी हत्या

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बेमेतरा।** बेमेतरा जिले के नवागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम खैरी (मोहरंगिया नाला मरघट के पास) में 13-14 दिसंबर 2022 को हुई युवक की हत्या मामले में दो दोषियों को कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। बेमेतरा जिला कोर्ट के प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पंकज कुमार सिन्हा ने प्रकरण पर फैसला सुनाते हुए आरोपी राहुल साहू पिता रामकुमार साहू, 18 वर्ष व शेषकुमार साहू उर्फ साजन पिता दिनेश साहू, 18 वर्ष दोनों निवासी ग्राम जमकुही (बछेरा) थाना व जिला मुंगेली को धारा 302, 34 के अपराध में आजीवन कारावास और एक हजार-एक हजार रुपए का अर्थदंड से दंडित करने का फैसला सुनाया है।




घटना को लेकर बताया गया 13-14 दिसंबर 2022 की मध्य रात में ग्राम खैरी स्थित मोहरंगिया नाला मरघट के पास नवागढ़ थाना क्षेत्र में आरोपी राहुल साहू व शेष कुमार साहू उर्फसाजन समेत एक नाबालिक के साथ मिलकर मृतक आनंद साहू को पहले शराब में नशीली गोली खिलाकर उसे चाकू, ईंट-पत्थर से उसके गले और सिर पर तबाड़तोड़ वार किए। जिससे आनंद साहू की मौत हो गई। मृतक के शव को उन्होंने नाले के किनारे फेंक दिया। महेश निषाद नामक एक व्यक्ति को फंसाने के मकसद से उसके नाम का पर्चा व पुलिस विरोधी बातें लिखकर घटनास्थल के आसपास फेंका था। इस मामले में पुलिस की जांच में राहुल साहू, शेषकुमार साहू व एक नाबालिग को गिरफ्तार किया। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने दोनों आरोपी राहुल व शेषकुमार को उम्रकैद की सजा सुनाई है।

# महादेव बुक सट्टा मामले में भिलाई पहुंची ईडी रवि उप्पल के भाई के घर पर चस्पा किया नोटिस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की रडार पर महादेव सट्टा एप के मास्टर माइंड सौरभ चंद्राकर व उसके सहयोगी रवि उप्पल हैं। लगातार ईडी इनकी संपत्ति का ब्योरा जुटा रही है। अब ईडी सरगना को छोड़कर उसके परिवार वालों के पीछे पड़ गई है। इसी कड़ी में ईडी ने रवि उप्पल के भाई राहुल उप्पल और उसकी भाभी प्रेरणा उप्पल स्मृति नगर के राधिका रॉयल पेंट हाउस पर नोटिस चस्पा किया है। ईडी ने अपनी नोटिस में दोनों को 27 सितंबर को बयान के लिए बुलाया गया था।




इधर जानकारी मिल रही है कि ईडी ने शुक्रवार को भिलाई में करीब आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर जांच की है। टीम गुपचुप तरीके से भिलाई पहुंची और जांच-पड़ताल के बाद लौट गईं। ईडी की टीम ने भिलाई के नेहरु नगर स्थित ऑर्बिट फूड्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में दबिश दी है। बताया जा रहा है कि पहले यह जूस कंपनी सौरभ चंद्राकर के भाई गीतेश चंद्राकार चलाता था लेकिन बाद फरवरी 2022 में गीतेश चंद्राकर ने जूस कंपनी को बेच दिया। बताया जा रहा है कि ईडी ने इसके वर्तमान डायरेक्टर सौरभ जैन और शुभम गोस्वामी से पूछताछ की है।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095



भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766



राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006



भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)



भारतीय बैग हाउस
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572



